दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। रविवार 07 दिसम्बर -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 349 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3











## अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों की प्रौद्योगिकी साझा करेगा रूस



**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने तय किया है कि उनके बीच रक्षा साझेदारी सिर्फ हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अत्याधुनिक हथियारों का संयुक्त विकास व साझा उत्पादन भी किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता के बाद जारी साझा बयान में कहा गया कि दोनों देश उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों व प्रणालियों का संयुक्त अनुसंधान, विकास, सहनिर्माण और स्थानीय उत्पादन करेंगे। दोनों नेताओं ने दोहराया कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग भारत-रूस संबंधों की नींव है। उन्होंने इसे विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी बताया।

बयान में कहा गया कि भारत के मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम के तहत रूसी मूल की हथियार प्रणालियों के स्पेयर पार्ट, कलपुर्जे व अन्य सामग्री भारत में बनाई जाएगी। इसमें पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट, सुखोई-57 का उत्पादन अपने क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर करने का प्रस्ताव भी है। रूस इसके लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करेगा। साथ ही, संयुक्त उद्यम भी स्थापित किए जाएंगे।

भारतीय सैन्य बलों की जरूरतें पूरी करने के अलावा मित्रवत देशों को हथियार निर्यात करने पर भी सहमति बनी है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 8 दिसंबर को गाजियाबाद में रहेंगे

### संघ और भाजपा नेतृत्व से होगी गोपनीय बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 8 दिसंबर को गाजियाबाद में एक विशेष और गोपनीय बैठक में भाग लेने आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार यह बैठक नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे और इसमें प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, यह बैठक विशेष रूप से गोपनीय है और इसमें केवल चयनित लोगों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री से उनकी राय लेंगे और संगठन की आगामी कार्य योजनाओं पर भी चर्चा होगी। गाजियाबाद पुलिस प्रशासन और संबंधित विभाग पहले से ही इस कार्यक्रम की तैयारियों में जुट गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है और नगर निगम, विकास प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग के साथ खुफिया टीमों ने भी इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

### लगातार योगी की जारी है जिले में दस्तक

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाल ही में गाजियाबाद और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। 27 नवंबर को वे मुरादनगर में जैन समाज के मंदिर के शुभारंभ समारोह में उपस्थित रहे और इसके बाद पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के पुत्र के विवाह में भी भाग लिया। 6 दिसंबर को मुख्यमंत्री हिंडन एयरपोर्ट, गाजियाबाद पहुंचे और दिल्ली की बैठक में शामिल होने के बाद लखनऊ लौट गए। सूत्रों का कहना है कि यह बैठक राजनैतिक और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग एक वर्ष पहले भी मुख्यमंत्री इसी स्थान पर एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए थे, जो लगभग सात घंटे चली थी। उस बैठक में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई थी। सूत्रों के अनुसार इस बार भी बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के प्रमुख चेहरे शामिल होंगे और यह तय किया जाएगा कि आगामी कार्य योजनाओं और रणनीतियों में कौन-कौन से कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री के इस दौरे से गाजियाबाद जिले में सुरक्षा और प्रशासनिक गतिविधियां पूरी तरह सक्रिय हैं, और जिले के नागरिकों से कहा गया है कि वे किसी तरह की असुविधा के लिए पूर्वसूचना के साथ तैयार रहें।

## इंडिगो संकट को लेकर सरकार सख्त : हवाई किराया किया फिक्स, 500 किमी के लिए 7500 रुपये



**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट को लेकर सरकार अब सख्त नजर आ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट से निपटने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से इंडिगो को यात्रियों का पैसा तुरंत वापस करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही सरकार ने दूसरी एयरलाइन के किराये में हुए बेहताशा बढ़ोतरी पर भी लगाम लगा दी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी प्रभावित रूट्स पर सही और वाजिब किराया सुनिश्चित करने के लिए अपनी रेगुलेटरी पावर का इस्तेमाल किया है। सरकार ने एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराये से ज्यादा न लें।

घरेलू एयरलाइंस यात्रियों से नीचे बताई गई सीमा से अधिक किराया नहीं वसूल सकती हैं।

- 500 किमी तक की दूरीः अधिकतम किराया 7500 रुपये
- 500-1000 किमी की दूरीः अधिकतम किराया 12000 रुपये
- 1000-1500 किमी की दूरीः अधिकतम किराया 15000 रुपये
- 1500 किमी से अधिक की दूरीः अधिकतम किराया 18000 रुपये

सरकार ने इंडिगो से रद्द उड़ानों के लिए रिफंड प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी करने को कहा।

इंडिगो की उड़ान बाधित होने से हजारों यात्रियों के प्रभावित होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया कि रद्द की गई उड़ानों के लिए टिकट के रिफंड की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी कर ली जाए। सरकार ने साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यात्रियों के छूटे हुए सामानों को अगले दो दिनों में उन तक पहुंचा दिया जाए।

**यात्रियों के सामान को घर पहुंचाने के दिए निर्देश :** इसके अलावा, एयरलाइन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि जिन यात्रियों का ट्रैवल प्लान रद्द या प्रभावित हुआ है, उनसे कोई रिशेड्यूलिंग चार्जेस न लिए जाएं। मंत्रालय ने साफ किया कि रिफंड प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी या नियमों का पालन न

शेष, पृष्ठ 2

## 32 करोड़ की लागत से सुधरेगी दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की दशा

▸ विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार






**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** लोनी की सबसे बड़ी समस्या अब समाप्त होने जा रही है। दिल्ली सहारनपुर हाईवे एक ऐसा मुददा है जो लोनी से जुड़ी हर बैठक में उठतारहा है। कई बार अधिकारियों ने यहां निरीक्षण किया और कई बार इस दिशा में काम हुआ। लेकिन अब ये समस्या समाप्त होने जा रही है। उत्तरप्रदेश शासन से ये पत्र लोक निर्माण विभाग में आ गया है। सरकार ने दिल्ली-सहारनपुर यमुनोत्री मार्ग सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यकरण के काम को हरी झंडी दे दी है। यह कार्य 32 करोड़ 65 लाख 39 हजार की लागत से होगा।

इसके लिए प्रशासकीय तथा वित्तीय स्वीकृती आ गयी है। चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सड़क निधी से इसके लिए तीन करोड़ 18 लाख 79 हजार की वित्तीय स्वीकृति दे दी गयी है। इसकी लम्बाई 7 किलोमीटर होगी। अब यहां जलभराव से लेकर टूटी सड़क तक अतीत की वस्तु हो जायेंगे। ये एक बड़ा प्रोजैक्ट है और इसे लोनी के विकास में मील का पत्थर माना जा रहा है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी क्षेत्र के लिए दी गयी इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि ये लोनी के लिए एतिहासिक क्षण है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद व्यक्त किया है।




## चुनाव आयोग ने किया केरल एसआईआर की तारीख में संशोधन




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को स्थानीय निकाय चुनाव के मद्दे नजर केरल के लिए मतदाता सूचियों को लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को एक सप्ताह तक बढ़ाने का फैसला किया है। राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव 9 और 11 दिसंबर को दो चरण में होने हैं। अंतिम तिथि को बढ़ाने का अनुरोध किया गया : आयोग ने यह आदेश उच्चतम न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद दिया है, जिसमें गणना प्रपत्र और अन्य प्रक्रियाओं को जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था जो मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का हिस्सा है। 23 दिसंबर को मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन : शोधित कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर के बजाय 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी के बजाय अब 21 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी, जबकि मसौदा मतदाता सूची का ड्राफ्ट 23 दिसंबर को जारी होगा आपत्तियां और क्लेम के लिए 22 जनवरी तक का समय होगा।

## यशोदा अस्पताल में सफल वीएनएस सर्जरी मिर्गी से पीड़ित विदेशी बच्ची को मिला नया जीवन

### डॉक्टर बोले, मिर्गी के इलाज में कारगर है सर्जरी उपचार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यशोदा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, नेहरू नगर ने मिर्गी के इलाज के क्षेत्र में दो बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। अस्पताल की न्यूरो टीम ने पहली बार वेगस नर्व स्टिमुलेशन (वीएनएस) सर्जरी सफलतापूर्वक की, वहीं दूसरी ओर डेढ़ साल की विदेशी बच्ची को जटिल न्यूरो सर्जरी के माध्यम से नया जीवन दिया गया। वेगस नर्व स्टिमुलेशन (वीएनएस) सर्जरी में दवाओं से नियंत्रित न होने वाली मिर्गी के मरीजों के लिए उम्मीद जगाई है। अस्पताल में आयोजित प्रेसवार्ता में न्यूरोसर्जन टीम ने बताया कि वेगस नर्व स्टिमुलेशन (वीएनएस) सर्जरी अत्याधुनिक तकनीक है, जिसके तहत वेगस नर्व में एक डिवाइस प्रत्यारोपित किया जाता है। यह डिवाइस मस्तिष्क तक जाने वाले असामान्य विद्युत संकेतों को नियंत्रित करता है, जिससे मिर्गी के दौरे कम होते हैं। डॉक्टरों के अनुसार सर्जरी के बाद दौरे की आवृत्ति और तीव्रता में स्पष्ट कमी आती है।कई मरीजों में दवाओं की निर्भरता भी धीरे-धीरे घटने लगती है। यह तकनीक दुनिया भर में उन मरीजों के लिए वरदान बनी है, जिन पर सामान्य दवाओं का असर सीमित हो जाता है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि वेगस नर्व स्टिमुलेशन (वीएनएस) सर्जरी के बाद मरीज की हालत पूरी तरह सामान्य है और वह पहले से बेहतर महसूस कर रही है। इसे एनसीआर क्षेत्र में न्यूरोसर्जरी सुविधाओं की बड़ी उपलब्धि बताया गया।



### विदेशी बच्ची की सफल सर्जरी ने दी जीवन की नई रोशनी

करंट क्राइम : यशोदा हॉस्पिटल, नेहरू नगर ने डेढ़ साल की विदेशी बच्ची की जटिल मिर्गी संबंधी स्थिति का सफल उपचार कर एक नई मिसाल कायम की है। बच्ची जन्म से ही लगातार गंभीर दौरे पड़ने की समस्या से जूझ रही थी, जो उसके जीवन के लिए खतरनाक हो चुके थे। इस चुनौतीपूर्ण केस को संभालने के लिए अस्पताल में विशेष टीम बनाई गई, जिसका नेतृत्व डॉ. प्रवीण मलिक, वरिष्ठ सलाहकार न्यूरोसर्जन ने किया। इस टीम में डॉ. ब्रिगेडियर यादवेंद्र सिंह सिरोही, वरिष्ठ सलाहकार न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकास चोपड़ा, प्रमुख एनेस्थीसिया विभाग डॉ. मेजर सचिन कुमार दुबे, बाल रोग एवं नियोनेटोलॉजी इकाई डॉक्टरों ने बताया कि सर्जरी के बाद बच्ची की स्थिति लगभग 60% तक सुधर चुकी है, और आगे और बेहतर परिणाम की उम्मीद है। यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश की न्यूरो-हेल्थ सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### डॉक्टरों ने दी सलाह, मिर्गी में लोकल उपायों पर भरोसा न करें

करंट क्राइम : प्रेसवार्ता के दौरान चिकित्सकों ने कहा कि कई मरीज मिर्गी के दौरे पड़ने पर झाड़-फूँक, लोकल इलाज या अधूरी दवाओं पर निर्भर रहते हैं, जिससे मरीज की हालत बिगड़ती है। डॉक्टरों ने सलाह दी कि मिर्गी के इलाज में विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट और न्यूरोसर्जन की मदद लेना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि विदेशी परिवार ने समय रहते मेडिकल सलाह ली, जिससे बच्ची की जान बच सकी और उसकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है।

## संविधान की प्रस्तावना से हटें सेक्युलर-सोशलिस्ट शब्द




### भाजपा सांसद ने राज्यसभा में पेश किया विधेयक

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में भाजपा सांसद भीम सिंह द्वारा पेश किए गए प्राइवेट मेंबर बिल ने देश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। इस बिल में संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द हटाने की मांग की गई है। सांसद सिंह का कहना है कि ये शब्द आपातकाल के दौरान बिना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जोड़े गए थे और अब इन्हें हटाकर संविधान को उसके मूल रूप में लौटाना जरूरी है। भाजपा सांसद भीम सिंह ने कहा कि मूल संविधान में ये दोनों शब्द शामिल नहीं थे और इन्हें 1976 में इंदिरा गांधी सरकार ने 42वें संशोधन के जरिए जोड़ा था। उनका आरोप है कि उस समय विपक्ष के सभी बड़े नेता जेल में थे और संसद में कोई खुली बहस नहीं हुई। सिंह का कहना है कि प्रस्तावना में ये शब्द जोड़ने का निर्णय मजबूरी और तत्कालीन राजनीतिक हितों को साधने के लिए किया गया था। डॉ. बीआर आंबेडकर के हवाले से सिंह ने कहा कि संविधान की संरचना ही देश को धर्मनिरपेक्ष बनाती है, इसलिए अलग से सेक्युलर शब्द जोड़ना जरूरी नहीं था।

## इकलौते बेटे ने काट दिया मां का गला

### थाने पहुंच कर बोला, मुझे गिरफ्तार कर लो

### - मोदीनगर का मामला




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोदीनगर के फफराना रोड स्थित जनता कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक कलह और प्रॉपर्टी-पेंशन के विवाद में 24 वर्षीय राहुल भारद्वाज ने अपनी 70 वर्षीय मां मधु शर्मा की दरांती से गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी बेटे ने घर का ताला बंद किया और सीधे थाने पहुंचकर पुलिस के सामने जुर्म कबूल कर लिया। थाने पहुंचकर राहुल ने कहा साहब, मैंने अपनी मां की गर्दन काट दी, मुझे गिरफ्तार कर लो। उसकी बात सुनकर पुलिसकर्मी स्तब्ध रह गए।

राहुल के घर के अंदर शव खून से सना मिला तो लहूलुहान हालत मिली। राहुल की जानकारी पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घर का ताला खोला गया तो अंदर मधु शर्मा का शव खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़ा मिला। कमरे की दीवारों और फर्श पर खून के छींटे बिखरे हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### इकलौता बेटा और पांच बहनें, मकान और पेंशन को लेकर चलता था झगड़ा



मृतका मधु शर्मा



आरोपी राहुल

करंट क्राइम : एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि राहुल भारद्वाज इकलौता बेटा है। उसके पिता वेद प्रकाश, जो एक्साइज विभाग में एएसआई थे, नौकरी के दौरान ही मृत्यु हो गई थी। घर में मां मधु शर्मा, राहुल और उसकी पत्नी साथ रहते थे। जांच में सामने आया कि राहुल अक्सर मां से मकान और पेंशन के पैसों को लेकर विवाद करता था। घर में लगातार गृह क्लेश की स्थिति बनी रहती थी। पत्नी और मां के बीच भी आए दिन झगड़ा होता था, इन्हीं तनावों के चलते गुस्से में आकर राहुल ने दरांत और चाकू से मां पर हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई। पूछताछ में राहुल ने बताया कि पत्नी और मां के बीच झगड़े से वह मानसिक रूप से टूट चुका था। शुक्रवार रात भी दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद उसने अपना आपा खो दिया और हत्या कर दी। हालांकि पुलिस राहुल के बयान की सत्यता की पुष्टि के लिए परिवार और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है। हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद कर फोरेंसिक टीम को भेज दिए गए हैं। मोदीनगर क्षेत्र में इस नृशंस हत्या से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# सरकार ने हवाई किराया किया फिक्स, 500 किमी के लिए 7500 रुपये, जानें उड़ानों की नई टिकट दरें

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट को लेकर सरकार अब सख्त नजर आ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट से निपटने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से इंडिगो को यात्रियों का पैसा तुरंत वापस करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही सरकार ने दूसरी एयरलाइन के किराये में हुए बेहताशा बढ़ोतरी पर भी लगाम लगा दी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी प्रभावित रूट्स पर सही और वाजिब किराया सुनिश्चित करने के लिए अपनी रेगुलेटरी पावर का इस्तेमाल किया है। सरकार ने एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराये से ज्यादा न लें।

## सरकार ने इंडिगो से रद्द उड़ानों के लिए रिफंड प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी करने को कहा

इंडिगो की उड़ान बाधित होने से हजारों यात्रियों के प्रभावित होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया कि रद्द की गई उड़ानों के लिए टिकट के रिफंड की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी कर ली जाए। सरकार ने साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यात्रियों के छूटे हुए सामानों को अगले दो दिनों में उन तक पहुंचा दिया जाए।




### यात्रियों के सामान को घर पहुंचाने के दिए निर्देश

इसके अलावा, एयरलाइन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि जिन यात्रियों का ट्रैवल प्लान रद्द या प्रभावित हुआ है, उनसे कोई रिशेड्यूलिंग चार्जेस न लिए जाएं। मंत्रालय ने साफ किया कि रिफंड प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी या नियमों का पालन न करने पर तुरंत नियामक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि एयरलाइन यह सुनिश्चित करे कि उड़ान रद्द होने या देरी के कारण यात्रियों के छूटे हुए सामान का पता लगाया जाए और अगले 48 घंटों के भीतर उन तक पहुंचाया जाए।

यात्रियों की सुविधा और शिकायत निवारण को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय ने इंडिगो को निर्देश दिया कि वह डेडिकेटेड पैसेंजर सपोर्ट और रिफंड फैसिलिटेशन सेल्स स्थापित करें। इन सेल्स का काम होगा प्रभावित यात्रियों से संपर्क करना और यह सुनिश्चित करना कि वे रिफंड और अन्य ट्रैवल अरेंजमेंट्स के लिए बार-बार फॉलो-अप करने की जरूरत न महसूस करें। मंत्रालय ने कहा कि परिचालन पूरी तरह से स्थिर होने तक ऑटोमेटिक रिफंड सिस्टम सक्रिय रहेगा।

### घरेलू एयरलाइंस यात्रियों से नीचे बताई गई सीमा से अधिक किराया नहीं वसूल सकती हैं।

- 500 किमी तक की दूरी : अधिकतम किराया 7500 रुपये
- 500-1000 किमी की दूरी : अधिकतम किराया 12000 रुपये
- 1000-1500 किमी की दूरी : अधिकतम किराया 15000 रुपये
- 1500 किमी से अधिक की दूरी : अधिकतम किराया 18000 रुपये

### शनिवार को रद्दीकरण की संख्या 850 उड़ानों से नीचे आ गई है, जो कल की तुलना में काफी कम है।

### इंडिगो का बयान

इंडिगो के परिचालन में आ रही समस्याओं पर एयरलाइन की ओर से शनिवार को बयान जारी किया गया। इस बयान में इंडिगो ने कहा कि एयरलाइन पूरे नेटवर्क में अपने परिचालन को पटरी पर लाने के लिए पूरी लगन से काम कर रही है। इंडिगो ने कहा, 'हमारी टीमें शेड्यूल को स्थिर करने, देरी को कम करने और इस दौरान ग्राहकों की मदद करने पर केंद्रित हैं। शनिवार को रद्दीकरण की संख्या 850 उड़ानों से नीचे आ गई है, जो कल की तुलना में काफी कम है। हम अगले कुछ दिनों में इस संख्या को धीरे-धीरे कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं।'

# 'भारत-रूस संबंध सबसे स्थिर, किसी देश के पास इन पर वीटो का अधिकार नहीं', जयशंकर की दो टूक



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि कोई भी बाहरी शक्ति हमारे द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित या निर्देशित नहीं कर सकती है। एक निजी समाचार पत्र के कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने रूसी राष्ट्रपति की हालिया यात्रा के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में संभावित जटिलताओं के बारे में चिंताओं को सीधा संबोधित किया।

रूस के साथ भारत के संबंधों पर पड़ रहे भू-राजनैतिक दवाबों पर जयशंकर से स्पष्ट रूप से कहा, ₹किसी भी देश के लिए दूसरे देश के साथ भारत से संबंधों पर वीटो लगाना अनुचित है।

जब, जयशंकर से पूछा गया कि क्या पुतिन की हालिया यात्रा भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक समझौते पर असर डालेगी? तो जवाब में उन्होंने कहा कि किसी भी देश के लिए यह कि उसे दूसरों के साथ अपने संबंध विकसित करने में वीटो या अपनी बात कहने का अधिकार हो, यह उचित प्रस्ताव नहीं है। क्योंकि याद रखें दूसरे भी यही उम्मीद रख सकते हैं। हमने कई बार स्पष्ट किया है कि हमें चुनाव करने की आजादी है।

विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि विश्व में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक देशों के साथ सहयोग बनाए रखना तथा विकल्प की स्वतंत्रता प्राप्त करना भारत के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, भारत की विदेश नीति स्व-निर्देशित है, भारत को अपने हित में खड़ा होना चाहिए, कूटनीति किसी और को खुश करने के बारे में नहीं है।

# 'सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है', सीजेआई सूर्यकांत बोले- मुकदमेबाजी की लागत कम करना लक्ष्य

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को निपटाने के लिए एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति उनकी पहली प्राथमिकता है। सीजेआई ने ये भी कहा कि उनकी कोशिश है कि मुकदमेबाजी की लागत को कम किया जाए और मामले का फैसला होने के लिए एक समयसीमा तय की जाए।

## लंबित मामलों का निपटारा प्राथमिकता

हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट के दौरान बोलते हुए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'मेरी पहली प्राथमिकता एक तय समयसीमा और एक एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति



(यूनिफाइड नेशनल ज्यूडिशियल पॉलिसी) बनाना है ताकि लंबित मामलों पर जल्द फैसला हो सके। मैं ये नहीं कह रहा कि सभी बकाया मामले खत्म कर दिए जाएंगे। ऐसा कभी नहीं होगा। ऐसा नहीं होना चाहिए क्योंकि लिटिगेशन (मुकदमेबाजी) एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। लोगों को न्यायिक व्यवस्था पर भरोसा और विश्वास है।'

सीजेआई ने कहा, 'नए मामले दायर होंगे, लेकिन पुराने मामलों का निपटारा होना भी जरूरी है। मध्यस्थता का भी इस्तेमाल किया जाएगा और ये गेम चेंजर साबित हो सकता है।' मुख्य न्यायाधीश ने कहा, सुप्रीम कोर्ट में आने वाले दिनों में कुछ सुधार देखने को मिलेंगे और मुकदमेबाजी को प्राथमिकता मिलती रहेगी। सीजेआई ने कहा, 'मैं एक सख्त और स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है और सामान्य मुकदमेबाजी के लिए भी सुप्रीम कोर्ट में पर्याप्त जगह है।' हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि वह अकेले इस काम को नहीं कर सकते और उन्हें इसमें अन्य जजों का भी सहयोग चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश ने ये भी कहा कि न्यायपालिका में अपग्रेड की जरूरत है क्योंकि डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराध जैसे मामलों से न्यायपालिका की चुनौतियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा देश की न्यायपालिका में विविधता आ रही है और जैसे समाज और देश आगे बढ़ रहे हैं, वैसे ही न्यायपालिका में भी बदलाव हो रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश ने देश के लोकतंत्र और न्यायपालिका के भविष्य को उज्जवल बताया। न्यायपालिका की आजादी पर उन्होंने कहा, 'संविधान में शक्तियों का बंटवारा किया गया है। संविधान में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की अपनी-अपनी भूमिकाएं हैं और कोई भी शक्ति दूसरी शक्ति के अधिकारक्षेत्र में दखल नहीं देती। साथ ही संविधान की खूबसूरती ये भी है कि ये तीनों शक्तियां एक दूसरे के साथ मिलकर काम करती हैं और तीन की एक दूसरे पर निर्भरता भी है।'

# 'नो मीन्स नो...', शशि थरूर ने पेश किया मैरिटल रेप अपराध बताने वाला विधेयक



**नई दिल्ली।** पार्टी लाइन से इतर अपनी बयानबाजी को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लोकसभा में तीन निजी विधेयक यानी प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है। इसमें सबसे अहम बिल वैवाहिक बलात्कार को अपराध बनाने का है।

दरअसल, शशि थरूर ने कहा कि शादी के बाद भी किसी भी और की शरीर पर उसकी ही मर्जी चलनी चाहिए। कानून को यह मान्यता देनी होगी। थरूर ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत को अपने संवैधानिक मूल्यों को कायम रखना चाहिए।

## 'वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में रखने का सुझाव'

बता दें कि केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। थरूर ने बीएनएस में संशोधन के लिए लोकसभा में निजी विधेयक भी पेश किया। ज्ञात हो कि निजी विधेयक वह बिल होता है, जिसे संसद का कोई सदस्य पेश करता है, जो मंत्री नहीं है।

अपने एक्स पोस्ट में शशि थरूर ने कहा कि भारत को अपने संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखना चाहिए और 'ना का मतलब ना' से सिर्फ हां होने की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने लिखा कि हर महिला को विवाह संबंध के दायरे में शारीरिक स्वायत्तता और गरिमा का मौलिक अधिकार मिलना ही चाहिए। कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि मैरिटल रेप शादी के बारे में नहीं, बल्कि हिंसा के बारे में है। अब कार्रवाई का समय आ गया है।

### शशि थरूर ने दो अन्य विधेयक भी पेश किए

इससे पहले थरूर ने दो अन्य गैर सरकारी विधेयक पेश किए हैं। इन दो अन्य बिलों में पहला राज्यों के पुनर्गठन के लिए स्थाई आयोग से जुड़ा है। इसका मुख्य उद्देश्य भविष्य में नए राज्य बनाने या मौजूदा राज्यों की सीमाएं बदलने का कोई भी फैसला डाटा, जनगणना, आर्थिक व्यवहार्यता, राष्ट्रीय एकता और लोगों की राय के आधार पर करना है। वहीं, शशि थरूर ने जो तीसरा निजी विधेयक पेश किया है, वह काम करने वाले लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा है। इस बिल को उन्होंने राइट टू डिस्कनेक्ट नाम दिया है। अपने पोस्ट में थरूर ने लिखा कि भारत की 51 प्रतिशत आबादी हफ्ते में 49 घंटे से अधिक काम करती है। वहीं, 78 प्रतिशत लोग बर्नआउट का शिकार हैं। हमें काम के घंटे को सीमित करने के लिए राइट टु डिस्कनेक्ट को कानूनी मान्यता देने पर काम करना चाहिए।

# बंगाल में सियासी घमासान: 'निलंबित विधायक के जरिए मुस्लिम ध्रुवीकरण की कोशिश'; भाजपा ने ममता पर साधा निशाना



**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक तापमान एक बार फिर चढ़ गया है। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह अपने हाथ गंदे किए बिना मुस्लिम ध्रुवीकरण करवाने की रणनीति पर काम कर रही हैं और इसके लिए उन्होंने टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर का इस्तेमाल किया। यह विवाद तब बढ़ा जब टीएमसी ने गुरुवार को विधायक कबीर को उस बयान के बाद निलंबित किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि वे मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का उद्घाटन करेंगे।

## भाजपा का आरोप: सस्पेंशन में देरी राजनीतिक मंशा का संकेत

भाजपा नेताओं का कहना है कि कबीर पहले भी बयान दे चुके थे कि मुर्शिदाबाद में 70% मुस्लिम और सिर्फ 30% हिंदू हैं, लेकिन तब पार्टी ने कोई कार्रवाई नहीं की। भाजपा का आरोप है कि यह पूरा मामला धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक ध्रुवीकरण का हिस्सा है। बीजेपी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए बंगाली कहावत का हवाला देते हुए कहा 'धोरी माछ ना छुई पानी' यानी काम करवाओ पर हाथ न गंदे करो।

## कबीर समर्थकों पर बाबरी मस्जिद निर्माण का आरोप

भाजपा ने दावा किया कि कबीर के समर्थक बेलडांगा में ईंटें लेकर बाबरी मस्जिद निर्माण की तैयारी कर रहे हैं और कथित रूप से पुलिस उन्हें सुरक्षा दे रही है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यह गतिविधि क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव भड़का सकती है।

# वैश्विक कूटनीति विश्वसनीयता पर चलती है, वंशवाद से नहीं': पुतिन के रात्रिभोज विवाद पर बोली भाजपा

**नई दिल्ली।** भारत-रूस संबंधों के बीच जारी राजनीतिक चर्चा में भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कड़ा प्रहार किया है। पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि भारत और रूस की दोस्ती दुनिया भर में सराहना पाती है, लेकिन भारत में एक विशेष समूह ऐसी उपलब्धियों को कमतर दिखाने और राहुल गांधी द्वारा गढ़ी गई फेक नैरेटिव को बढ़ावा देने में जुटा रहता है।

भाटिया ने कहा कि वैश्विक कूटनीति विश्वसनीयता पर चलती है, न कि वंशवाद पर। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सिर्फ किसी परिवार से आने भर से राहुल गांधी को हर मंच पर गंभीरता से लिया जाना चाहिए? उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता होने के बावजूद राहुल गांधी ने बार-बार राष्ट्रीय और संवैधानिक कार्यक्रमों से दूरी बनाई है।

## यह ड्रामा क्यों?



भाटिया ने सवाल उठाया कि किसी भी विदेशी मेहमान को यदि किसी भारतीय नेता से मिलना होता है, तो वह अपनी इच्छा जताता है। उन्होंने तस्वीर दिखते हुए कहा कि तस्वीरों में देखा जा सकता है कि राहुल गांधी ने बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। ऐसे में यह ड्रामा क्यों?

वहीं इस मामले में केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने भी तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी साजिश की कल्पना करना हास्यास्पद है। चंद्रशेखर ने स्पष्ट किया कि शशि थरूर, जो संसदीय विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष हैं, प्रोटोकॉल के आधार पर आमंत्रित किए गए। उन्होंने कटाक्ष किया कि अगर राहुल गांधी को इतना ही शौक है, तो वे थरूर से इस्तीफा दिलवाकर खुद समिति के अध्यक्ष क्यों नहीं बन जाते? उन्होंने कहा कि राज्य भोज के निमंत्रण तय प्रोटोकॉल के हिसाब से होते हैं। यदि हर बार राहुल गांधी को निमंत्रण न मिले और वे शिकायतें शुरू कर दें, तो यह अपरिपक्वता की पराकाष्ठा है।

# 'कश्मीर और चीन पर गलतियां कांग्रेस की ही देन', सोनिया के नेहरू की विरासत वाले बयान पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** देश की राजनीति में शनिवार को तेजी से गरमाहट उस समय बढ़ गई जब भाजपा ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर पलटवार करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देना, पाकिस्तान और चीन को भारतीय जमीन पर कब्जा करने देना, इन्हें ही नेहरू की ऐतिहासिक भूलें माना जाना चाहिए। पार्टी ने साफ कहा कि कांग्रेस अब भी इन गलतियों की जिम्मेदारी से भाग रही है।

कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार का असली मकसद नेहरू की विरासत को मिटाना और उनकी छवि खराब करना है। इस पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कड़ा जवाब देते हुए कहा कि नेहरू की गलतियों के कारण आज भी देश को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने सोनिया गांधी के आरोपों को तथ्यहीन बयान बताया।

## राहुल गांधी पर भस्मासुर वाली टिप्पणी

भाटिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने कई विपक्षी दलों को कमजोर किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टी टूट गई, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को



गठबंधन में नुकसान हुआ और बिहार चुनाव में तेजस्वी यादव को हराने में कांग्रेस की लाइन जिम्मेदार रही। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी की तुलना भस्मासुर से करते हुए कहा कि वे जिस दल के साथ खड़े होते हैं, उसे नुकसान पहुंच जाता है।

भाटिया ने सोनिया गांधी से सवाल किया कि नेहरू की विरासत पर बात हो तो इन तथ्यों को कैसे भुलाया जा सकता है कि उन्होंने अनुच्छेद 370 को संविधान में शामिल होने दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट का प्रस्ताव नेहरू ने चीन के पक्ष में जाने दिया। इसके अलावा पाकिस्तान और चीन द्वारा भारतीय जमीन पर कब्जे पर भी उन्होंने कड़ा सवाल उठाया और इसे ऐतिहासिक गलती बताया।

# 'पुलिस कर्मियों की पृष्ठभूमि की जांच हो', कदाचार के बढ़ते मामलों के बीच डीजी ने अफसरों को दिए निर्देश

**कर्नाटक।** कर्नाटक में डकैती, चोरी और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में पुलिस कर्मियों की संलिप्तता बढ़ रही है। इसको देखते हुए राज्य के महानिदेशक (डीजी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एमए सलीम ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी पुलिस इकाइयों को निर्देश दिया है कि वे पुलिस कर्मियों के किसी भी प्रकार के कदाचार को रोकने के लिए उनकी नियमित पृष्ठभूमि की जांच करें और परामर्श आयोजित करें।

सलीम ने चेतावनी दी कि किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी को अगर अपराध में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सबसे सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पांच दिसंबर को जारी नोटिस में उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों, क्षेत्र प्रमुखों और आयुक्तों को लिखा कि पुलिसकर्मियों का अपराध या अवैध गतिविधियों में शामिल होना पूरी तरह



अस्वीकार्य है।

उन्होंने हाल के मामलों का हवाला देते हुए कहा कि दावणगेरे में दो उप निरीक्षकों को सोने के व्यापारी से डकैती के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जबकि बंगलूरू के गोविंदपुरा में कांस्टेबल को नकदी प्रबंधन कंपनी के पूर्व कर्मचारी के साथ मिलकर उच्च मूल्य की नकद चोरी में शामिल होने के लिए पकड़ा गया।

### महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक सलीम ने सभी पुलिस इकाइयों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित पृष्ठभूमि की जांच और ईमानदारी का मूल्यांकन सुनिश्चित करें।

सलीम ने कहा, ये घटनाएं पुलिस बल की गरिमा को ठेस पहुचाती हैं, जनता का भरोसा कम करती हैं और पूरे कानून-व्यवस्था तंत्र की ईमानदारी पर सवाल उठाती हैं। नोटिस के अनुसार, महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक सलीम ने सभी पुलिस इकाइयों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित पृष्ठभूमि की जांच और ईमानदारी का मूल्यांकन सुनिश्चित करें। पुलिस इकाइयों को नैतिक आचरण, कानूनी जिम्मेदारियों और भ्रष्टाचार एवं कदाचार के परिणामों पर जागरूकता सत्र और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा गया है।

सभी इकाइयों के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी की अवैध गतिविधियों या आपराधिक व्यवहार की जानकारी तुरंत पुलिस मुख्यालय को दी जाए। इसके अलावा, कर्मचारियों के कामकाज से जुड़ी तनाव और कम मनोबल जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए मार्गदर्शन और परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

# ईडी ने रिलायंस पावर और उसकी सहयोगी कंपनियों के खिलाफ दायर किया आरोपपत्र, 'फर्जी' बैंक गारंटी मामला

**नई दिल्ली।** कारोबारी अनिल अंबानी के समूह की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड और दस अन्य के खिलाफ धनशोधन मामले में आरोपपत्र दायर किया है। यह 68 करोड़ रुपये की कथित फर्जी बैंक गारंटी जमा कर टेंडर हासिल करने से जुड़ा मामला है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आरोपपत्र में अन्य आरोपियों में रिलायंस पावर के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी अशोक कुमार पाल, रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड और रोसा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (दोनों रिलायंस पावर की सहायक कंपनियां), ओडिशा की एक मुखौट (शेल) कंपनी बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड, उसके प्रबंध निदेशक (एमडी) पार्थ सारथी बिस्वाल, बायोथेन केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और ट्रेड फाइनेंसिंग कंसल्टेंट अमरनाथ दत्ता का नाम शामिल है।

कुछ अन्य आरोपियों में रविंदर पाल सिंह चड्ढा, मनोज भाई पोंगडे और पुनीत नरेंद्र गर्ग भी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपपत्र शुक्रवार को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में धनशोधन निरोधक कानून (पीएमएलए) के तहत दाखिल किया गया।




मामला 68.2 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी से जुड़ा है। सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेकी) के एक टेंडर को हासिल करने के लिए रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड की ओर से जमा की गई थी। यह कंपनी रिलायंस पावर की सहायक और एक सूचीबद्ध कंपनी है। पहले इसका नाम महाराष्ट्र एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड था।

ईडी की जांच में यह बात सामने आई कि रिलायंस समूह के अधिकारी अच्छी तरह जानते थे कि यह बैंक गारंटी 'फर्जी' है। सेकी को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक जाली ईमेल आईडी से 'धोखाधड़ी भरी' मंजूरी दी जा रही थी। जब सेकी ने इस फर्जीवाड़े का पता लगाया, तो रिलायंस समूह ने एक ही दिन में आईडीबीआई बैंक से वास्तविक बैंक गारंटी जारी करवा दी। लेकिन सेकी ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया क्योंकि यह तय तारीख के बाद जमा की गई थी।

ईडी ने कहा कि रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड दूसरी सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी (एल-2 बिडर) थी। इसलिए टेंडर बचाने के लिए रिलायंस समूह के अधिकारियों ने कोलकाता की एक एसबीआई शाखा से उस फर्जी विदेशी बैंक गारंटी की नई मंजूरी दिलाने की भी कोशिश की।

रिलायंस समूह ने पहले कहा था कि अनिल अंबानी पिछले साढ़े तीन वर्षों से रिलायंस पावर लिमिटेड के बोर्ड में नहीं हैं और इस मामले से उनका कोई संबंध नहीं है। कंपनी ने खुद को इस मामले में 'धोखाधड़ी, जालसाजी और साजिश' का शिकार बताया था और सात नवंबर 2024 को शेयर बाजार में इसकी जानकारी दी थी।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...






# नदिया पार में गूंज रहा है 5 हजार टाइल्स का फसाना

## 6 पार्षदों की टाइल्स से सजेगा कौन सा थाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नदियापार में इन दिनों एक थानेदार का नाम 6 पार्षदों की जुबान पर है। पार्षद परेशान हैं कि हम वार्ड का विकास करायें या थाने का विकास करायें। किस्सा इस वार्ड से उस वार्ड होते हुए सबकी जुबान पर आ गया है। सबसे खास बात ये है कि थाने का थानेदार सत्ताधारी दल के पार्षदों से थाना सजाने के लिए टाईल मांग रहा है। पार्षद परेशान हैं कि हमारी तो विकास की फाईल आगे नहीं बढ रही इसे कहां से टाईल दे दें। सूत्र बताते हैं कि मामले का लिंक नदियापार के एक थाने से जुड़ा है। थाने में रिनोवेशन होना है और पार्षदों की जान को नई टेंशन आ गयी है। थानेदार ने 6 पार्षदों से टाईल की डिमांड रख दी। सूत्र बताते हैं कि कहानी में रोचक टविस्ट तब आया जब पार्षदों को पता चला कि एक पार्षद तो थानेदार को पांच हजार टाईल्स दे भी आया। वो अब आपस में चर्चा कर रहे हैं कि हमारी ऐसी कौन सी मजबूरी है जो थानेदार को टाईल देना जरूरी है। वो दबी जबान से बता रहे हैं कि पांच दस हजार का खर्चा होता तो कोई बात नहीं थी मगर पांच हजार टाईल का मतलब 75 हजार रूपये हैं। सूत्र बताते हैं कि थानेदार ने भी तकाजा कररखा है।



सीनियर सिटिजन वाले एक कार्यक्रम में जब पार्षद पहुंचे तो वहां थानेदार पहले से मौजूद थे। पार्षद को देखते ही थानेदार ने फिर से तकाजा कर दिया। कमाल ये भी रहा कि पार्षद से भी डायरेक्ट इंकार नहीं हुआ और उन्होंने भी अगली डेट दे दी।

वहीं एक दूसरे पार्षद बता रहे हैं कि मेरे पास भी टाईल के लिए थानेदार का फोन आया था। मैंने तो कह दिया कि अभी मैं शादी में बिजी हूं।

पार्षदों के बीच आपस में वार्ता हुई तो पता चल गया कि थानेदार ने समान भाव से डिमांड रखी है और ऐसा नहीं है कि किसी पार्षद से 4 हजार और किसी से 6 हजार टाईल मांग ली हों। थानेदार ने सभी पार्षदों से पांच हजार टाईल ही मांगी हैं। सभी के पास फोन पहुंचा है और पता चला है कि निगम वाले पार्षदों की टाईल से थाना सजेगा। ईधर सूत्र बताते हैं कि पार्षद इस बात को लेकर परेशान हैं कि हम एसआईआर अभियान में वोट देखें या पहले इस थानेदार की टाईल देखें। पार्षदों की जब आपस में बात हुई तो पता चला कि सबके पास फोन आ चुका है। अब पार्षद टाईल के लिए ठेकेदारों से उम्मीद लगा रहे हैं। वो कह रहे हैं कि वार्ड में काम कर रहे ठेकेदारों से ही कहेंगे तो वो टाईल भिजवा देंगें। सूत्र बताते हैं कि ये भनक ठेकेदारों को भी लग चुकी है और उन्होंने भी प्लान बना लिया है कि थानेदार की डिमांड तुमसे है ना कि हमसे है। रही बात टाईल की तो उसका पूरा हिसाब फाईल पर रखते हैं। किस्सा नदियापार में गूंज रहा है और फ्लॉवर वाले इस बात को लेकर हैरान हैं कि सरकार वाले जनप्रतिनिधियों से ही थानेदार ने डिमांड रख दी। कमाल ये हुआ कि केवल एक पार्षद के भरोसे पर थानेदार नहीं रहे। उन्होंने 6 पार्षदों को फोन भी कर लिया और टाईल वाला अनुरोध भी कर लिया। उसमें भीबढ़कर हैरानी की बात ये है कि एक पार्षद तो 75 हजार रूपये की टाईल का नजराना थाने में जाकर दे भी आये।

बाकी के पार्षद भी बात तो कर रहे हैं लेकिन इतना साहस नहीं जुटा पा रहे कि साफ इंकार कर सकें। थाने की रिनोवेशन ने पार्षदों को टेंशन दे दी है। हालाकि यहां पर कहने वाले ये भी कह रहे हैं कि थानेदार ने एक सिस्टम के तहत सहयोग मांगा होगा। वैसे भी थाने में टाईल लगेंगी तो यह काम थानेदार के घर का तो है नहीं या फिर थानेदार ने अपने पर्सनल उपयोग के लिए भी टाईल नहीं मांगी होंगी।

थाना भी सरकार की ईमारत होती है और जनता के लोग ही यहां आते और जाते हैं। ऐसे में ये सोच रही होगी कि पार्षद विकास के कामों से डायरेक्ट जुड़े हुए होते हैं। सीन भी डिमांड का नहीं बल्कि अनुरोध और सहयोग वाला है।

# फर्जी वोटरों पर शिकंजा : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने झुग्गी बस्तियों में किया औचक निरीक्षण, संदिग्ध आधार कार्ड मिले

**लोनी, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद, राज्य भर में एसआईआर अभियान जोर पकड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह तक सिर्फ इसी काम पर फोकस किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बाहरी व्यक्ति फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मतदाता सूची में शामिल न हो पाए।

इसी क्रम में, गाजियाबाद के लोनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर गुर्जर अचानक झुग्गी बस्तियों में पहुंचे और वहां रहने वाले लोगों के पहचान दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी।





### आधार दिखाने के बहाने गायब हुआ व्यक्ति

करंट क्राइम। लोनी की एक झुग्गी बस्ती में विधायक के पहुंचते ही हड़कंप मच गया। जब विधायक ने लोगों से उनके नाम और पहचान पत्र दिखाने को कहा, तो भीड़ में हलचल देखने को मिली। एक व्यक्ति से जब उसका नाम और आधार कार्ड दिखाने को कहा गया, तो उसने खुद को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद का निवासी बताया। हालांकि, आधार कार्ड लाने के लिए अंदर जाने की बात कहकर वह व्यक्ति मौके से गायब हो गया।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मौके पर मौजूद अन्य लोगों के दस्तावेज भी देखे। उनका दावा है कि जांच के दौरान कई आधार कार्ड संदिग्ध पाए गए हैं। हालांकि, इन दस्तावेजों की अंतिम पुष्टि और उन पर आगे की कार्रवाई प्रशासन द्वारा विस्तृत जांच के बाद ही की जाएगी।


### डिटेक्शन सेंटर बनाने की तैयारी

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मुख्यमंत्री के आदेशों को दोहराते हुए कहा कि फर्जी दस्तावेज किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के आदेश बहुत स्पष्ट हैं–फर्जी दस्तावेज किसी भी हालत में स्वीकार नहीं होंगे। लोनी के कई इलाकों की हम जांच कर रहे हैं। जल्द ही यहां डिटेक्शन सेंटर बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी, ताकि संदिग्ध मामलों की पहचान तेजी से और पारदर्शिता के साथ हो सके। दिल्ली से बिल्कुल सटा होने के कारण लोनी क्षेत्र में जनसंख्या घनत्व तेजी से बढ़ रहा है, जिसके चलते पहचान सत्यापन और दस्तावेजों की जांच प्रशासन के लिए उच्च प्राथमिकता बन गई है। विधायक ने इस दौरान बिजली कनेक्शनों के अनियमित वितरण का मुद्दा भी उठाया और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही। यह एसआईआर अभियान मतदाता सूची की शुचिता बनाए रखने के लिए कितना असरदार साबित होता है, और संदिग्ध दस्तावेजों की जांच किस दिशा में आगे बढ़ती है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

## एसआईआर अभियान से क्यों बना ली विपक्षी दलों ने दूरी, कांग्रेस-बसपा क्यों नहीं दिख रहे हैं अभियान में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में वैचारिक मतभेद होते हैं और राजनीति में मुददों पर विरोध हो सकता है। लेकिन सवाल जब वोट का है तो फिर यहां विपक्षी दल ना तो एसआईआर अभियान में खोट निकाल रहे हैं और ना ही वो इस अभियान में आगे आ रहे हैं। विपक्ष की बात करें तो यहां केवल समाजवादी पार्टी जरूर आवाज उठा रही है वो अपने कार्यकर्ताओं के साथ इस अभियान में जुटी है और ये सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी प्लान के तहत उसके मतदाता सूची से ना गायब कर दिये जायें। वो जनता के बीच जा रहे हैं औरकाम कर रहे हैं। मतदाता सूची का ये गहन अभियान चल रहा है और बड़ी हैरानी की बात ये है कि यहां भाजपा को तो पसीने आ ही रहे हैं लेकिन जिन दलों को आगे आना चाहिए वो दल सीन में ही नजर नहीं आ रहे हैं। राजनीतिक विचारकों के बीच ये सवाल उठने लगा है कि क्या बसपा और कांग्रेस अपनी वोटर लिस्ट को लेकर एकदम श्योर हैं। वार्ड में जब बीएलओ जा रहे हैं तो यहां भाजपा के पार्षद सहयोग वाली स्थिति में हैं। वो घर घर भी जा रहे हैं और बता भी रहे हैं कि कौनसी वोटें यहां नहीं रहते हैं। लेकिन हैरानी की बात ये है कि जब वोटर लिस्ट दुरूस्त हो रही है तब कांगेस कहीं नहीं दिख रही। बसपा कहीं नजर नहीं आ रही।



## क्रॉसिंग एग्जिट शनिवार रात से बंद, इंदिरापुरम से होगा डायवर्जन

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर स्थित आईपीईएम कॉलेज एग्ज़िट (क्रॉसिंग रिपब्लिक एग्ज़िट) शनिवार रात से बंद रहेगा। यहां निर्माण कार्य शुरू किए जाने के कारण यातायात पुलिस ने यह एग्ज़िट 06 दिसंबर की रात 12 बजे से अगले आदेश तक पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया है।

यातायात पुलिस के अनुसार, दिल्ली से मेरठ की ओर जाने वाली लेन पर निर्माण कार्य प्रस्तावित है, इसलिए इस रास्ते से निकलने वाले वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।




**कहां से मिलेगा रास्ता:** आईपीईएम कॉलेज एग्ज़िट बंद रहने के दौरान सभी वाहन चालक इंदिरापुरम एग्ज़िट से निकल सकेंगे। वहां से होते हुए एनएच-09 पर आगे अपने गंतव्य तक पहुंच पाएंगे। वहीं यातायात पुलिस की अपील है कि डायवर्जन प्लान का पालन करें। पुलिस का सहयोग करते हुए यातायात को सुगम बनाए रखने में मदद करें।



डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिनेस ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने तक एग्ज़िट बंद रहेगा। नागरिकों को यात्रा से पहले मार्ग की जानकारी लेकर ही निकलने की सलाह दी गई है।

## जब अध्यक्ष ने बांटे इनाम तो आया विधानसभा से ये पैगाम

### क्या वास्तव में इनाम लेने वालों ने किया है यहां एसआईआर पर कोई काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता गहन सूची पुनरिक्षण अभियान भाजपा के लिए वास्तव में एक चुनौती बन रहा है। संगठन वालों को ये उम्मीद थी कि वो जिन्हे दायित्व सौंप रहे हैं वो उस दायित्व को लेकर युद्ध स्तर पर काम करेंगे और क्षेत्र का नाम हो जायेगा। मगर दायित्व लेने वालों ने काम ही नहीं किया। यहां तक तो ठीक था लेकिन जब अध्यक्ष ने दायित्व धारियों को ईनाम दिया तो ये पैगाम नदियापार से आया कि क्या वास्तव में इन्होंने काम किया है। महानगर अध्यक्ष बड़े दिल के हैं और उनका प्रयास रहता है कि वो सबको साथ लेकर चलें।

वो कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ाते हैं और उन्हें मोटिवेट भी करते हैं कि संगठन के कामों को पूरी निष्ठा के साथ करें। इस सदभावना के साथ महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने नदियापार वाली विधानसभा में एसआईआर अभियान पर काम कर रहे पदाधिकारियों को ईनाम दिये। लेकिन जब ये ईनाम बटें तो ईनाम लेने वाले चेहरों को देखकर ईधर की विधानसभा के कई चेहरे तमतमा उठे हैं। वो ये चर्चा कर रहे हैं कि अध्यक्ष जी की बात सही है वो बड़ा दिल रखते हैं और मनोबल बढ़ा रहे हैं लेकिन जिनके पास दायित्व हैं उन्हें खुद नैतिकता के आधार पर स्वीकार करना चाहिए कि उनकी देखरेख में काम स्लो चल रहा है। जिस मंडल प्रभारी को सम्मानित किया गया है। उस मंडल प्रभारी की ही रिपोर्ट काफी स्लो है। सूत्र बताते हैं कि इस पार से गये और उस पार के एक मंडल के प्रभारी बनाये गये एसआईआर अभियान में काफी स्लो रहे हैं। इनको सम्मानित तो कर दिया गया है लेकिन इनका ट्रैक रिकॉर्ड काफी पीछे है। इसी तरह इसी विधानसभा के एक और पदाधिकारी हैं, जिन्हें एसआईआर अभियान की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्हें भी सम्मानित किया गया है और कार्यकर्ता यही पूछ रहे हैं कि सम्मान का एक आधार होना चाहिए। ये तो गलत बात है कि जिन्होंने काम नहीं किया उनका भी सम्मान हो रहा है। जब विधानसभा में अभियान ही स्लो चल रहा है तो यहां इन दायित्वधारियों सहित सभी के कामों की समीक्षा होनी चाहिए। मंथन और चिंतन होनी चाहिए।





# बुजुर्ग दंपति पर जानलेवा हमले करने वाले लुटेरे मुठभेड़ में गिरफ्तार

## इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन डिप्लोमा होल्डर है आरोपी रवि शर्मा उर्फ लवली और अंकुश शर्मा चलता था रैपीडो

### - गर्लफ्रेंड की चाहत और नशे के चक्कर में बना लुटेरा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन की कवि नगर थाना पुलिस ने 27 नवंबर को कवि नगर थानाक्षेत्र के पॉश इलाके में रहने वाले बुजुर्ग दंपति पर हुए जानलेवा हमले और लूटपाट के मामले का खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने बताया है कि आरोपी रवि शर्मा उर्फ लवली जिसकी उम्र 29 साल है, वह इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन में डिप्लोमा कर चुका है। उसकी 2021 में गर्लफ्रेंड उसे छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद से वो नशे का आदी हो गया और उसने यूट्यूब पर अपना शायरी का प्लेटफार्म भी बना रखा लिया था। इसके साथ ही दूसरा आरोपी अंकुश शर्मा उर्फ अंकुर गिरफ्तार है, यह शादीशुदा है और दो महीने पहले तक रैपीडो चलता था। दोनों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा, चेन का टूटा हुआ टुकड़ा, घटना में इस्तेमाल स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। बताया जा रहा है कि उनके द्वारा कवि नगर इलाके में बुजुर्ग दंपति पर ब्लेड कटर से हमला भी किया गया था और लूटपाट का प्रयास किया था। पुलिस को इनका अन्य आपराधिक इतिहास नहीं मिला है लेकिन दोनों के वारदात को अंजाम देने की पीछे की वजह दिलचस्प बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि रवि शर्मा उर्फ लवली नशे का आदी है और वह वर्ष 2021 में उसकी गर्लफ्रेंड से धोखा खाने के बाद घर से दूर रहने लगा और आपराधिक कृत्य करने लगा।





### कवि नगर पुलिस ने 10 दिन में खोली घटना



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने जानकारी दी है कि पुलिस ने इस हाई प्रोफाइल और बुजुर्ग दंपति के साथ वारदात होने के मामले को गंभीरता से लिया तमाम सीसीटीवी फुटेज और सर्विलाश के जरिए जांच पड़ताल की गई। जिसके बाद दोनों आरोपियों के बारे में जानकारी मिली, पुलिस ने दोनों को एनकाउंटर के बाद दबोचा है। बताया जा रहा है कि दोनों पैसा कमाने की चाहत और जल्दी अमीर बनना चाहते थे, इसी वजह से इन्होंने कवि नगर में वारदात को अंजाम दिया था। बताया गया कि अंकुश शर्मा उर्फ अंकुर 2 महीने पहले तक रैपिडो चलाता था, वह कवि नगर और आसपास के इलाके में आता रहता था। वो मूलरूप से नोएडा का छिजारसी गांव निवासी है। इसके साथ ही पुलिस इनके अन्य आपराधिक रिकार्ड के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

### लूट की वारदात को खोलने के लिए एसीपी-इंस्पेक्टर कवि नगर ने बनाई थी स्पेशल टीम

करंट क्राइम : 27 नवंबर को कवि नगर इलाके में हुई इस वारदात के बाद एसीपी सूर्यबलि मौर्य और इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा ने इस घटना को चैलेंज के रूप में लिया था। उन्होंने चौकी प्रभारी शास्त्री नगर विकास, इंडस्ट्रियल एरिया चौकी प्रभारी विकास, कवि नगर चौकी प्रभारी अनुज और क्राइम ब्रांच-थाना एसओजी की टीम के प्रमुख सिपाहियों और अन्य पुलिसकर्मियों को लुटेरों पर नजर रखने के लिए टीम बनाई। तो लुटेरों की तलाश के लिए बाइक पर तलाश और सीसीटीवी फुटेज के लिए अलग-अलग स्थान पर भेजा था। इसके साथ ही थाना कवि नगर क्षेत्र में सुबह छह से लेकर नौ तक विशेष चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। तो वहीं पूर्व की घटनाओं के पुलिस ने 50 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने का काम किया था ताकि इस घटना का खुलासा हो सके।

> वारदात करने वाले अपराधियों को पुलिस सबक सिखाया है। अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।
>
> **धवल जायसवाल,** डीसीपी सिटी जोन

### भाजपा नेता पंकज शर्मा ने घटना के खुलासे पर जताया आभार






करंट क्राइम : कवि नगर इलाके में जिस तरीके से बुजुर्ग दंपति के साथ लूटपाट का प्रयास किया गया था और दिल दहलाने वाली वारदात अंजाम दी गई थी, इससे काफी सनसनी फैल गई थी। शनिवार को जब इस घटनाक्रम का पुलिस ने मुठभेड़ के बाद खुलासा किया तो भाजपा नेता पंकज शर्मा ने दिल से गाजियाबाद पुलिस का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने पुलिस टीम को इस महत्वपूर्ण खुलासे और दिन-रात एक कर अपराधी को जान पर खेल कर पकड़ने के लिए सभी का आभार जताया है। उन्होंने इस सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी है इन लुटेरों ने जिस दंपति पर हमला किया था, वह उनकी सबसे छोटी बहन के सास ससुर हैं। उन्होंने पुलिस की इस जवाबी कार्रवाई पर गाजियाबाद पुलिस की सराहना भी की है।

## संपादकीय

# भूजल के लिए नीति जरूरी

पिछले कुछ वर्षों में भूजल पर भारत की निर्भरता और बढ़ गई है। देश में लगभग 85 प्रतिशत ग्रामीण परिवार अभी भी पेय जल के स्रोत के रूप में इसी पर निर्भर हैं और सिंचाई से जुड़े लगभग दो-तिहाई कार्य जलभृतों (एक्विफर) से पूरे होते हैं। भूजल का इस्तेमाल लगातार बढ़ने के साथ ही उसकी गुणवत्ता भी बिगड़ती जा रही है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य, कृषि और जल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।

केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा जारी वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि संकट अब कुछ राज्यों या प्रदूषक पदार्थों तक सीमित नहीं है। भारत अब अनेक प्रदूषकों के साथ आपात स्थिति का सामना कर रहा है और देश के कई क्षेत्रों में नाइट्रेट, फ्लोराइड, आर्सेनिक, यूरेनियम, लवणता और भारी धातुओं के लिए निर्धारित सुरक्षित सीमा पार हो गई है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि देश के उत्तरी राज्यों एवं क्षेत्रों में यूरेनियम की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के जिलों में यूरेनियम स्वीकार्य 30 पार्ट्स पर बिलियन (पीपीबी) सीमा से बहुत अधिक हो गया है।

यूरेनियम का यह खतरनाक स्तर सबसे अधिक पंजाब में देखा गया है जहां मॉनसून से पहले के 53.04 प्रतिशत नमूनों और मॉनसून के बाद के 62.50 प्रतिशत नमूनों में इसकी मात्रा स्वीकार्य सीमा से अधिक पाई गई। इसके साथ ही नाइट्रेट की मात्रा भी अधिक हो गई है जो अक्सर उर्वरक के अत्यधिक उपयोग और खेतों से रसायनयुक्त पानी के बहकर जल स्रोतों तक पहुंचने का नतीजा है। रिपोर्ट में लगभग 20 प्रतिशत नमूनों में नाइट्रेट सीमा से अधिक है और लगभग 8 प्रतिशत में बीआईएस मानक से ऊपर फ्लोराइड है।

इस तरह का संदूषण (कंटैमिनेशन) प्राकृतिक और मानवजनित कारकों दोनों से उत्पन्न होता है। राजस्थान या पंजाब के कुछ हिस्सों में भूगर्भीय संरचनाएं ऐसी हैं कि भूजल स्तर गिरने पर फ्लोराइड या यूरेनियम की मात्रा बढ़ने लगती हैं। औद्योगिक अपशिष्ट, अनियमित खनन और अनुपचारित सीवेज तेजी से उन हिस्सों में पानी की गुणवत्ता खराब कर रहे हैं जहां शहरों एवं संबंधित व्यवस्था का विकास तेजी से हो रहा है।

अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन के कारण शहरी जलभृतों में सूक्ष्मजीव संदूषण अधिक रहता है। उक्त रिपोर्ट में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संदूषक पदार्थों की सूची में कई गांव एक साथ नजर आते हैं जो जलभृत स्तर में क्षरण का संकेत देते हैं। इसके गंभीर नतीजे सामने आ सकते हैं। लाखों लोग जो जल के लिए बोरवेल पर निर्भर हैं, उनमें फ्लोरोसिस, नाइट्रेट विषाक्तता, आर्सेनिक से संबंधित बीमारियां और भारी धातुओं और यूरेनियम से जुड़े दीर्घकालिक कैंसर का खतरा अधिक रहता है।

# विमानन बाजार के लिए चेतावनी: उपभोक्ता अधिकारों पर प्रहार
# स्टाफ संरचना और बाजार प्रभुत्व के स्तरों पर संकट

**इंडिगो के प्रभुत्व और नए एफडीटीएल नियमों के बाद घरेलू उड़ानों में भारी व्यवधान ने भारतीय विमानन की कमजोरियां उजागर की हैं। उड़ान रद्द और किराए आसमान छूने से यात्रियों, निवेशकों और नियामकों को असर पड़ा। विश्लेषकों का कहना है कि विकेंद्रीकरण की कमी और सीमित विकल्पों के कारण एयरफेयर में अचानक वृद्धि हुई, जिससे इंडस्ट्री में संतुलन बिगड़ा और प्रतिस्पर्धा कमजोर साबित हुई।**



**नई दिल्ली।** देश के घरेलू आसमान में इंडिगो की विशाल उपस्थिति ने जहां भारतीय विमानन को गति दी थी, वहीं मौजूदा व्यवधान ने यह भी स्पष्ट किया है कि अत्यधिक केंद्रीकरण किसी भी उद्योग के लिए कितना जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है।

पिछले कुछ दिनों की उथल-पुथल ने सामान्य यात्रियों, निवेशकों, नियामकों और प्रतिस्पर्धी कंपनियों को समान रूप से प्रभावित किया है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सिर्फ एक एयरलाइन का परिचालन संकट नहीं बल्कि भारतीय विमानन प्रणाली की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला परिदृश्य बन गया है।

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय घरेलू उड़ानों में इंडिगो का प्रभुत्व वर्षों से बढ़ता रहा है।

मगर यही ताकत अब बाजार की कमजोरी बनकर सामने आई। जब अमेरिकी या यूरोपीय बाजार में कोई बड़ी एयरलाइन अवरोध का सामना करती है, वहां प्रतिस्पर्धी कंपनियां तुरंत दबाव कम कर पाती हैं। लेकिन भारतीय व्यवस्था में हाल ही में विलय, फ्लीट की कमी और नए विमानों की धीमी आपूर्ति ने संतुलन की क्षमता लगभग समाप्त कर दी है।

### क्या कहना है विश्लेषकों का?

इंडस्ट्री विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय बाजार में यात्रियों के लिए विकल्प का दायरा अत्यंत सीमित हो चुका है। इसलिए जैसे ही इंडिगो के नेटवर्क में लय टूटी, पूरे सेक्टर में एयरफेयर अप्रत्याशित रूप से बढ़ गए। कई रूट्स पर प्रतिस्पर्धी एयरलाइंस ने अवसर देखते हुए डायनेमिक प्राइसिंग इतनी तेजी से बढ़ाई कि सामान्य दिनों में उपलब्ध 5 से 7 हजार की टिकटें लगभग 8 से 10 गुना बढ़ गईं। यह संकेत है कि भारत में घरेलू विमानन विकेंद्रीकृत प्रतिस्पर्धा के अभाव का सामना कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार संकट के दौरान सबसे अधिक नुकसान यात्रियों को हुआ, परंतु उनका संरक्षण लगभग नगण्य रहा। यही कारण है कि हालिया अव्यवस्था ने तीन बड़े सवाल खड़े किए हैं। पहला, क्या भारत को यूरोपीय देशों की तरह मजबूत पैसेंजर कंपेनसेशन कोड अपनाना चाहिए। दूसरा, क्या एयरलाइंस को फ्लाइट रद्द होने के समय स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य होना चाहिए और क्या यात्रियों को वास्तविक समय में रोस्टरिंग व स्टाफिंग स्थिति की जानकारी देने का कोई पारदर्शी तंत्र बनना चाहिए।

### उपभोक्ता समूहों का आरोप

उपभोक्ता समूहों का आरोप है कि कंपनियां रद्दीकरण का बोझ हमेशा यात्रियों पर डालती हैं, जबकि परिचालन जोखिम उनकी अपनी जिम्मेदारी है। आईएटीए की रिपोर्ट कहती है कि स्टाफ संरचना, प्रशिक्षण क्षमता और नियामक संकेत लंबी अवधि की समस्या का शुरूआती संकेत है। गहराई में जाएं तो यह संकट अचानक नहीं आया। यह स्टाफिंग मॉडल से उपजा संकट है।

# भारत का मीडिया-मनोरंजन बाजार 2029 तक 47 अरब डॉलर का होगा



**नई दिल्ली।** घरेलू मनोरंजन और मीडिया उद्योग का आकार 2029 तक बढ़कर 47.2 अरब डॉलर होने का अनुमान है। 2024 में 32.2 अरब डॉलर था। आने वाले चार वर्षों में इसके 7.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने का अनुमान है जो कि वैश्विक औसत 4.2 प्रतिशत से दोगुना है। पीडब्लूसी इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि इस वृद्धि की वजह डिजिटल भागीदारी का बढ़ना और ब्रॉडबैंड की पहुंच में विस्तार होना व ऑनलाइन सामग्री की अधिक खपत होना है। इन कारकों से सभी फॉमेट्स में दर्शकों का व्यवहार बदल रहा है और प्लेटफॉर्म्स, विज्ञापनदाताओं और क्रिएटर्स के लिए अवसर पैदा हो रहे हैं।

इंटरनेट विज्ञापन सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट है। 2029 तक इसका आकार 15.9 प्रतिशत की दर से बढ़कर 13.06 अरब डॉलर होने का अनुमान है। 2024 में 6.25 अरब डॉलर पर था। ओवर-द-टॉप (ओटीटी) आधारित आय 2024 में 2.27 अरब डॉलर के बढ़कर 2029 में 3.47 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। इसे क्षेत्रीय सामग्री, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर मॉडल और बढ़ते ग्राहकों का सपोर्ट मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां टेक्नोलॉजी खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) असल में यह बदल रही है कि सामग्री कैसे बनाई और खोजी जाती है। उससे पैसे कमाए जाते हैं।

**इंटरनेट ग्राहकों की संख्या बढ़कर 101 करोड़ के पार :** देश में इंटरनेट का उपयोग बढ़ रहा है। अप्रैल-जून की तिमाही में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या 100.28 करोड़ थी जो सितंबर तिमाही में बढ़कर 101.78 करोड़ हो गई है।

# सरकार पर दबाव बनाने के आरोप में घिरी इंडिगो

**पांच माह पहले बने नियम; फिर क्रू स्टाफ क्यों नहीं बढ़ाया?**



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पिछले चार दिनों से भारी अव्यवस्था का सामना कर रही है। एक ओर उड़ानों का बड़े पैमाने पर रद्द होना और दूसरी ओर आसमान छूते किराए ने यात्रियों को परेशानी में डाल दिया है। एयरलाइन ने जिम्मेदारी नए एफडीटीएल (एफ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियमों पर डाली, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इंडिगो के पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय था। इस कारण यह आरोप भी गंभीर हो गया है कि एयरलाइन ने नियमों में ढील पाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने का रास्ता चुना।

एविएशन विशेषज्ञों के अनुसार इस संकट की जड़ जनवरी 2024 में दायर उस याचिका में है जिसमें पायलट यूनियन ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने थकान और लम्बी ड्यूटी को गंभीर सुरक्षा जोखिम बताया था। कोर्ट के निर्देश के बाद डीजीसीए ने एफडीटीएल नियमों में बदलाव किए और इन्हें एक जुलाई 2025 से लागू कर दिया। इन नियमों ने पायलटों को साप्ताहिक 36 घंटे की बजाय 48 घंटे का अनिवार्य आराम दिया और किसी भी छुट्टी को वीकली रेस्ट मानने पर रोक लगा दी। नवंबर 2025 में इनका दूसरा चरण लागू हुआ, जिसमें लगातार नाइट शिफ्ट पर कड़ी पाबंदियां लग गईं। इन्हीं बदलावों का असर इंडिगो पर सबसे अधिक पड़ा। 2 दिसंबर को दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर उड़ानें अनियमित होना शुरू हुईं और ऑन-टाइम परफॉर्मेंस गिरकर 35% पर आ गया। 3 दिसंबर को यह स्थिति और बिगड़ी और ऑपरेशनल परफॉर्मेंस 19.7% तक गिर गया।

**कैसे बढ़ा किराया, हालात भी हुए ठप.. :** 4 दिसंबर को हालात लगभग ठप हो गए। करीब 800 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और ओटीपी सिर्फ 8.5% पर रह गया।

# रिकॉर्ड उछाल के साथ 96 कंपनियों ने जुटाए 1.60 लाख करोड़




**नई दिल्ली।** बाजार के इस साल सपाट रहने के बावजूद 96 कंपनियों ने आईपीओ से रिकॉर्ड 1,60,705 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2024 में था। उस समय 91 कंपनियों ने 1,59,783 करोड़ रुपये जुटाए थे। यह आंकड़ा दिसंबर के अंत तक 1.85 लाख करोड़ के करीब पहुंच जाएगा। दिसंबर में 25,000 करोड़ रुपये जुटाने का अनुमान है। एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, 5 दिसंबर तक कुल 1,60,705 करोड़ रुपये कंपनियों ने जुटाए हैं। छोटी और मझोली कंपनियों के इश्यू को मिला दें तो आंकड़ा 1.68 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। इन कंपनियों ने भी 8,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई हैं।

**14,000 करोड़ अगले हफ्ते जुटाए जाएंगे :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड 11,000 करोड़ जुटाएगी। यह 10 दिसंबर के आस पास बाजार में उतर सकती है। 8 दिसंबर को कोरोना का 655 करोड़ और वेकफिट का 1,289 करोड़ का इश्यू खुलेगा। 10 दिसंबर को नेफ्रोकेयर का 871 करोड़ और पार्कमेडि का 920 करोड़ का आईपीओ आएगा। जुनिपर ग्रीन एनर्जी (3,000 करोड़) भी 10 दिसंबर के करीब उतरेगी। इनके अलावा फ्रैक्टल एनालिटिक्स (4,900 करोड़), क्लीन मैक्स एनवायरो (5,200 करोड़) और इनोवेटिवव्यू इंडिया जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट



- स्वस्थ पाचन के लिए फाइबर और पानी महत्वपूर्ण हैं और तरबूज में ये दोनों शामिल हैं।
- हेललाइकोपीन, फिर से! प्रमुख एंटीऑक्सिडेंट्स में से एक होने के नाते, लाइकोपीन ठंड और फ्लू के शरीर की प्रतिक्रिया में मदद करता है। और यह और दिलचस्प बात यह है कि बच्चों में अस्थमा फूलने को कम करने के लिए यह एंटीऑक्सीडेंट पाया गया है।
- तरबूज साइट्रूलाइन का सबसे प्रचुर प्राकृतिक स्रोत है और फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, साइट्रूलाइन आर्जिनिन से बारीकी से संबंधित है, जो स्वस्थ रक्तचाप को बनाए रखने के लिए आवश्यक एक एमिनो एसिड है।
- नोबेल पुरस्कार के अल्फ्रेड नोबेल, अपने प्रयोगशाला में एक दुर्घटना में अपने भाई को खो दिया। वे तरल नाइट्रोजन के साथ काम कर रहे थे और एक अधिक स्थिर विस्फोटक बनाने का प्रयास कर रहे थे। साल 17 9 5 में, नेपोलियन ने 12,000-फ्रैंक पुरस्कार की पेशकश की, जो कि भोजन को संरक्षित करने और इसे पोर्टेबल बनाने का एक तरीका खोज सके। एक पेरिस के कन्फेक्शनर ने 15 साल का प्रयोग किया और पुरस्कार जीता।

## राशिफल

**मेष:** लंबी अवधि के निवेश से बचें और दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ खुशनुमा पल बिताएँ। मित्रों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा।

**वृष:** आज सफलता कदम चूमेगी। जीवन के बेहतरीन अवसर सामने आएंगे। आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी। आपका रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मिथुन:** आज के दिन संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में फंसने से सावधान रहें। अगर आप कहीं पैसा लगाना चाहते हैं तो कुछ समय इंतजार करना सही रहेगा।

**कर्क:** लंबित मुआवजा और कर्ज आदि आखिरकार मिल जाएगा। घर में साफ-सफाई की आवश्यकता है। हमेशा की तरह काम को अगली बार के लिए मत टालिए।

**सिंह:** आज दिन सामान्य रहेगा। रिश्तों को संजोने की कोशिश कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में रुकावटें आ सकती हैं। ऑफिस में देर तक काम करना पड़ सकता है।

**कन्या:** दिन की शुरूआत किसी शुभ समाचार से होगी। कारोबार सामान्य चलेगा। परिवार में थोड़ी अनबन हो सकती है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा।

**तुला:** खुद को आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें इससे न केवल आत्मविश्वास और लचीला व्यवहार बढ़ेगा, भय, ईर्ष्या, घृणा जैसी नकारात्मक में भी कमी आएगी।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। मन में नए विचार आ सकते हैं। किसी काम में अपने दोस्तों की राय लेना कारगर साबित हो सकता है।

**धनु:** आप अपनी मेहनत और प्रयासों से करियर में आगे बढ़ेंगे। आज आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**मकर:** शारीरिक व मानसिक लाभ के लिए ध्यान व योग उपयोगी रहेगा। खर्च करते समय अपने आप आगे बढ़ने से बचें, नहीं तो आप खाली जेब लेकर घर लौटेंगे।

**कुंभ:** आज दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेगा। दिन की शुरूआत में कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। जीवनसाथी का पूरा सहयोग आपको मिलेगा।

**मीन:** आज बेवजह का तनाव लेने की जरूरत नहीं है। प्रेमी से मुलाकात आपके लिए फायदेमंद रहेगी। शत्रु चिंता करेंगे। प्रॉपर्टी से लाभ होगा।

## चुटकुले

मुझे भी देखने दो, किसका एक्सीडेंट हुआ है?
टोलू भीड़ को हटाते हुए बोला।
जब कोई हटा नहीं, तो वह चिल्लाता हुआ बोला-
जिसका एक्सीडेंट हुआ है, मैं उसका पिता हूं।
रास्ता मिल गया और टोलू ने देखा तो एक
गधा घायल पड़ा था।

---

टीटू- लड़कियों के साथ कितना अच्छा है यार
शादी से पहले पापा की परी होती हैं और शादी के बाद
घर की लक्ष्मी हो जाती हैं।
मौंटी- और लड़के?
टीटू- लड़कों का क्या, शादी से पहले पापा
से मार खाते हैं।
और शादी के बाद बीवी से।

---

कल शाम मे एक औरत को ठिठुरता देख
मेरे दोस्त ने अपना कम्बल उसके बदन पर दे दिया।
उसने कम्बल फेकते हुए कहा- गरीब नहीं हूं शादी
में जा रही हूं।

07 12 2025 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



मिलिंद गाबा, सिंगर

शिवन्या गुप्ता | विशाखा कड़ाकोटी | नैतिक शर्मा | आदित्य शर्मा | अंबर स्वामी
डॉ. संजीव गोयल | कर्मवीर चौधरी | लोकेश शर्मा | रहमत खान | राजेश अग्रवाल
अमित शर्मा | संदीप शर्मा | नरेंद्र कुमार | मयंक मोहन | इंद्र नागर | सुनील चौहान | अजय त्यागी
शिव शुकला | शरद सोनू तितौरिया | लवी अरोड़ा | संजय शर्मा | शिवनंदन शुक्ला | पवन चौधरी | अनिरूद्ध वशिष्ठ

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारत में इस साल के सबसे ज्यादा सर्च किए गए क्रिकेटर बने 14 साल के वैभव सूर्यवंशी



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी का उभार भारतीय क्रिकेट के लिए नया अध्याय खोलता है। मात्र 14 वर्ष की उम्र में उन्होंने ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जिन पर बड़े-बड़े दिग्गजों की नजरें टिक गई हैं। गूगल सर्च सूची में शीर्ष पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य के सितारे अब मैदान पर ही नहीं, प्रशंसकों के दिलों में भी अपनी जगह बना रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा दुनिया के सबसे लोकप्रिय क्रिकेटरों में शामिल हैं। हालांकि, टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब वे केवल वनडे क्रिकेट में सक्रिय हैं। ऐसे में जब उनके करियर के भविष्य को लेकर लगातार चचाएं हो रही हैं, तब चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है।

साल 2025 में भारत में सबसे ज्यादा खोजे जाने वाले क्रिकेट व्यक्तित्वों की सूची में न तो विराट कोहली थे और न ही रोहित शर्मा। इस सूची में शीर्ष पर रहा मात्र 14 साल का युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी, जिसने अपने प्रदर्शन और रिकॉर्ड ब्रेकिंग बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया।

वैभव सूर्यवंशी की लोकप्रियता का बड़ा कारण उनका आईपीएल 2025 में किया गया प्रदर्शन रहा। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था और उन्होंने इस भरोसे को शानदार तरीके से पूरा किया। सूर्यवंशी ने सिर्फ सात मैचों में 252 रन बनाए और तेजी से क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बन गए। उनका सबसे यादगार प्रदर्शन गुजरात टाइटंस के खिलाफ आया, जहां उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज और भारतीय खिलाड़ियों में सबसे तेज शतक लगाया। इस पारी में उन्होंने 38 गेंदों पर 101 रन बनाए और स्ट्राइक रेट 205 से ज्यादा रहा।

### भारत के अन्य युवा सितारों ने भी बनाई जगह

वैभव सूर्यवंशी के बाद सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर युवा खिलाड़ी प्रियांश आर्या और अभिषेक शर्मा रहे। प्रियांश आर्या ने पंजाब किंग्स की ओर से शानदार सीजन खेलते हुए 17 मैचों में 475 रन बनाए, जिससे टीम फाइनल तक पहुंची। उन्होंने भी आईपीएल 2025 में एक जोरदार शतक जड़ा था। उनकी यह पारी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आई थी। वहीं, अभिषेक शर्मा, जो इस समय दुनिया के नंबर-एक टी20 बल्लेबाज हैं, तीसरे स्थान पर रहे। अभिषेक ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दुनियाभर के फैंस के दिल में जगह बनाई है।

# डोपिंग विवाद में फंसीं भारत की सीमा पूनिया, 16 महीने का प्रतिबंध, एशियाड में स्वर्ण पदक जीत चुकीं



**नई दिल्ली।** सीमा पुनिया जैसे अनुभवी और पदक विजेता खिलाड़ी का डोप में पकड़ा जाना भारतीय एथलेटिक्स के लिए फिर एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी मशहूर भारतीय डिस्कस थ्रोअर सीमा पुनिया पर डोपिंग उल्लंघन के चलते 16 महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया है। 42 वर्षीय सीमा का प्रतिबंध 10 नवंबर से लागू हो चुका है। यह जानकारी राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा जारी डोप अपराधियों की अपडेटेड सूची में सामने आई है। हालांकि, ठअऊअ ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि सीमा पुनिया किस प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाई गईं।

**डोपिंग इतिहास भी रहा विवादों से भरा**

सीमा पुनिया पहले भी दो बार डोपिंग नियमों का उल्लंघन कर चुकी हैं, जिनमें से एक मामला जूनियर स्तर पर हुआ था। यह घटना उनके करियर पर एक और बड़ा धब्बा बनकर सामने आई है।

**करियर उपलब्धियों पर एक नजर**

सीमा पुनिया ने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उनका आखिरी बड़ा टूनामेंट 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स था, जहां उन्होंने कांस्य पदक जीता था।

**अन्य भारतीय एथलीट भी बैन**

सीमा पुनिया के अलावा कई अन्य एथलीट्स को भी डोपिंग के कारण प्रतिबंधित किया गया है, जिनमें शामिल हैं:

**स्पोर्ट्स जगत में फिर उठे सवाल**

सीमा पुनिया जैसे अनुभवी और पदक विजेता खिलाड़ी का डोप में पकड़ा जाना भारतीय एथलेटिक्स के लिए फिर एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

खेल समुदाय में इस घटना के बाद डोपिंग नियंत्रण व्यवस्था और खिलाड़ियों की जागरूकता पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।

# अश्विन की जुबान फिसली! : 2027 विश्वकप के लिए अपनी भारतीय टीम में कप्तान गिल को रखना ही भूले

**नई दिल्ली।** यह मामला दशार्ता है कि आज के डिजिटल दौर में क्रिकेटरों की एक गलत बयानबाजी कितनी तेजी से वायरल हो जाती है। हालांकि, अश्विन की तुरंत मांगी गई माफी और स्पष्टीकरण ने विवाद को बड़ा होने से रोक दिया।



भारतीय ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि उन्होंने 2027 वनडे वर्ल्ड कप की चर्चा के दौरान टीम इंडिया के टॉप-4 बैटर्स की लिस्ट में से कप्तान शुभमन गिल का नाम भूल गए। सोशल मीडिया पर शुरू हुई इस बहस के बाद अमर उजाला ने इस दावे की फैक्ट-चेक की और पाया कि यह बात सही है और अश्विन गिल का नाम वास्तव में पहले भूल गए थे। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे तुरंत सुधार भी दिया।

**क्या कहा था अश्विन ने?**

अपने यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान अश्विन ने भारत के संभावित शीर्ष बल्लेबाजों के नाम गिनाते हुए कहा, 'अगर श्रेयस अय्यर वापसी करते हैं तो विश्व कप के लिए वह एक क्वालिटी नंबर-चार हैं। ऋतुराज गायकवाड़ को रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ उपयोग किया जा सकता है। अगर विराट ओपनिंग करें तो ऋतुराज और श्रेयस भी फिट हो सकते हैं।' इस दौरान उन्होंने शीर्ष-चार के लिए रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और ऋतुराज गायकवाड़ का नाम तो लिया, लेकिन कप्तान शुभमन गिल का नाम छूट गया।अश्विन ने मान ली गलती

कुछ ही सेकंड बाद अश्विन ने खुद अपनी गलती महसूस की और कहा, 'सॉरी, मैं शुभमन गिल का नाम भूल गया था। यह उनके साथ बिल्कुल भी न्याय नहीं है। टीम इंडिया में स्थान को लेकर काफी मुकाबला है, लेकिन मैं चाहता हूं कि ऋतुराज को भी बराबर मौका मिले।'

**सोशल मीडिया पर कैसी प्रतिक्रिया?**

वीडियो सामने आने के बाद कई यूजर्स ने गिल पर तंज कसा, वहीं, कुछ यूजर्स ने वीडियो शेयर करके अश्विन के चयन पर सवाल उठाए? वहीं कुछ लोगों ने अश्विन के तुरंत माफी मांगने की तारीफ भी की।

नियमित वनडे कप्तान शुभमन गिल इस समय चोट के कारण भारतीय टीम में शामिल नहीं हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में उनकी गर्दन में चोट लगी थी, जिसके बाद से वह टीम से बाहर हैं। उनकी जगह पहले दो वनडे में यशस्वी जयसवाल ने रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग की। वहीं, उपकप्तान श्रेयस भी फिलहाल चोट से उबर रहे हैं।

# क्विंटन डिकॉक भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतक लगाने वाले विकेटकीपर

## इस मामले में की सचिन-रोहित की बराबरी



**विशाखापत्तनम।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतक लगाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए। उनके नाम सात शतक दर्ज हो गए हैं। वहीं, किसी विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में उन्होंने सचिन-डिविलियर्स की बराबरी कर ली।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जारी तीसरे वनडे में क्विंटन डिकॉक ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने शतकीय पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। वह किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए। बता दें कि, दोनों टीमों के बीच जारी तीन वनडे मैचों की सीरीज का निर्णायक मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला जा रहा है। मेजबानों ने टॉस जीतकर मेहमानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

### किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विकेटकीपर (वनडे)

| शतक | खिलाड़ी | विपक्षी टीम |
|---|---|---|
| 7 | क्विंटन डिकॉक | भारत |
| 6 | एडम गिलक्रिस्ट | श्रीलंका |
| 6 | कुमार संगकारा | भारत |
| 5 | कुमार संगकारा | बांग्लादेश |
| 4 | क्विंटन डिकॉक | श्रीलंका |
| 4 | कुमार संगकारा | इंग्लैंड |



किसी एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक शतक लगाने वाले विकेटकीपर

इस मुकाबले में डिकॉक ने 80 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह उनके वनडे करियर का 23वां सैकड़ा है। इस मामले में उन्होंने दिग्गज कुमार संगकारा की बराबरी कर ली। दोनों के नाम इस प्रारूप में 23 शतक दर्ज हो गए हैं। वह 89 गेंदों में आठ चौके और छह छक्कों की मदद से 106 रन बनाकर पवेलियन लौटे। डिकॉक किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में शीर्ष विकेटकीपर बन गए। इस मामले में उन्होंने एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ दिया।

भारत के खिलाफ बाएं हाथ के बल्लेबाज का यह सातवां शतक था। दूसरे स्थान पर गिलक्रिस्ट हैं, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ छह शतक लगाए।

### सचिन-रोहित के बराबर पहुंचे डिकॉक

इस शतक के साथ डिकॉक ने विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। दोनों के नाम विदेशी धरती पर सात शतक दर्ज हैं। सचिन ने यूएई में शतक जड़े और रोहित ने इंग्लैंड में सैकड़ों की झड़ी लगाई। अब डिकॉक भी इस सूची में शामिल हो गए हैं। उनके नाम भारतीय धरती पर सात शतक दर्ज हो गए हैं।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए शुभमन गिल को मिली हरी झंडी



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को नौ दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इससे पहले टीम को राहत मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गिल पूरी तरह फिट हो गए हैं और उन्हें बीसीसीआई के सीओई से फिटनेस सर्टिफिकेट मिल गया है।

भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है और वह सभी प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध हैं। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, गिल ने न केवल अपना रिहैब पूरा कर लिया है, बल्कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए आवश्यक सभी फिटनेस और प्रदर्शन मानदंडों को भी पूरा कर लिया है।

### सीओई से होंगे डिस्चार्ज

गिल की रिकवरी प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखी गई है और परिणामों को फल और संतोषजनक बताया गया है। गिल को औपचारिक रूप से सीओई से छुट्टी दे दी जाएगी। गिल को नौ दिसंबर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। बीसीसीआई ने टीम का एलान करते वक्त बताया था कि गिल की उपलब्धता सीओई से फिटनेस मंजूरी पर निर्भर थी, लेकिन मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, अब वह फिट घोषित हो गए हैं।

### टेस्ट सीरीज के दौरान लगी थी चोट

गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल रिहैब के लिए इस सप्ताह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे थे।

### टी20 सीरीज का कार्यक्रम

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फिलहाल तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। रांची में भारत और रायपुर में दक्षिण अफ्रीका की जीत के साथ सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है। आज विशाखापत्तनम में आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। भारत की नजरें निर्णायक मुकाबला जीतकर सीरीज जीतने पर होंगी। इसके बाद दोनों टीमें पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेंगी, जिसकी शुरूआत 9 दिसंबर से होगी। पहला मुकाबला कटक में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़ में होगा। इस सीरीज के बाकी तीन मुकाबले क्रमशः 14 दिसंबर, 17 दिसंबर और 19 दिसंबर को धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

# केएल राहुल भाग्यशाली या मुरली कार्तिक? भारत ने 20 वनडे बाद जीता टॉस

**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम वनडे विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में वनडे में आखिरी बार टॉस जीती थी। केएल राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में इस तिलिस्म को तोड़ा और आखिरकार टीम टॉस जीतने में सफल रही।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच विशाखापत्तनम में तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने 21वें वनडे में जाकर टॉस जीता है। भारतीय टीम ने इससे पहले वनडे में लगातार 20 टॉस गंवाए थे और टीम 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल से लगातार टॉस गंवा रही थी।

**भारत ने प्लेइंग-11 में किया एक बदलाव**



टॉस जीतना भारत के लिए कितना अहम था इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि केएल राहुल भी अपनी खुशी नहीं रोक सके। भारत ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है और वाशिंगटन सुंदर की जगह तिलक वर्मा को एकादश में जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका ने भी दो बदलाव किए हैं और रिक्लेटन तथा बार्टमैन की वापसी हुई है। तेम्बा बावुमा ने बताया कि डि जॉर्जी और नांद्रे बर्गर कुछ सप्ताह के लिए बाहर हो गए हैं।

टॉस के दौरान कमेंट्री मुरली कार्तिक कर रहे थे। राहुल ने जैसे ही टॉस जीता तो मुरली कार्तिक ने उनसे कहा कि जब आखिरी बार भारत ने टॉस जीता था उस वक्त शुभमन गिल के साथ मैं ही था और आज भी जब आपने टॉस जीता तो मैं कमेंट्री कर रहा हूं।इस पर दोनों हंसने लगे। दरअसल, वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान गिल ने टॉस जीता था और कार्तिक उसी का उदाहरण दे रहे थे।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**भारत:** रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।**दक्षिण अफ्रीका:** रेयान रिकेल्टन, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), तेम्बा बावुमा (कप्तान), मैथ्यू ब्रिट्जके, एडेन मार्करम, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, ओटेनिल बार्टमैन।

# स्पेन-पुर्तगाल समेत ये बड़ी टीमें ग्रुप ऑफ डेथ में, 19 जुलाई को होगा फाइनल

**वॉशिंगटन।** फीफा विश्व कप 2026 हर मायने में ऐतिहासिक होने वाला है। इस बार सबसे अधिक टीमें, कई नए देश, बड़े स्टार और भव्य आयोजन इस टूनार्मेंट में चार चांद लगाएगा। फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह टूनार्मेंट रोमांच और जुनून से भरा महोत्सव साबित होगा।



फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप औपचारिक रूप से घोषित कर दिए गए हैं। यह घोषणा वॉशिंगटन डीसी में आयोजित भव्य ड्रॉ समारोह के दौरान हुई। इसी के साथ दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूनार्मेंट के कार्यक्रम से पर्दा उठ गया। इस बार विश्व कप का उद्घाटन मुकाबला 11 जून 2026 को मेक्सिको सिटी में खेला जाएगा, जिसमें मेजबान देश मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने होंगे। यह पहला मौका होगा जब तीन देश अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा, साझा रूप से विश्व कप का आयोजन कर रहे हैं। यह ड्रॉ पूरी तरह सितारों से सजा हुआ कार्यक्रम था। मंच पर खेल जगत और मनोरंजन जगत की कई जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कलाकारों और संगीतकारों की प्रस्तुतियों ने समारोह को दुनिया भर में खास बना दिया। कार्यक्रम के दौरान 12 ग्रुपों की घोषणा की गई, जिसका संचालन इंग्लैंड और मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज फुटबॉलर रियो फर्डिनेंड ने किया, जबकि उनके साथ बास्केटबॉल सुपरस्टार शकील ओह्नील, एनएफएल के महान खिलाड़ी टॉम ब्रैडी, आइस हॉकी के दिग्गज वेन ग्रेट्जकी और बेसबॉल स्टार एरॉन जज सहायक के रूप में मौजूद रहे।

# छह दिसंबर को जन्मे पांच क्रिकेटर, जिन्होंने बदली भारतीय क्रिकेट की तस्वीर

**नई दिल्ली।** छह दिसंबर भारतीय क्रिकेट के लिए एक लकी डेट की तरह है। इस दिन टीम इंडिया को एक वर्ल्ड-क्लास ऑलराउंडर (जडेजा), दुनिया का सबसे बेहतरीन फास्ट बॉलर (बुमराह) और भरोसेमंद मिडिल ऑर्डर स्टार (श्रेयस) मिला। तिहरा शतक लगा चुके करुण और टी20 विश्व कप विजेता बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आरपी सिंह का भी जन्म आज ही की तारीख को हुआ था। ऐसा संयोग शायद ही किसी क्रिकेट खेलने वाले देश के पास हो।



भारतीय क्रिकेट के इतिहास में कुछ तारीखें ऐसी होती हैं, जो हमेशा याद रखी जाती हैं। छह दिसंबर ऐसी ही एक तारीख है, जिसे भारतीय क्रिकेट के लिए बेहद स्पेशल डे कहा जा सकता है। यह किसी जश्न या टूनार्मेंट की नहीं, बल्कि जन्म लेने वाले सितारों की तारीख है।इसी दिन टीम इंडिया को पांच बेहतरीन खिलाड़ी मिले। इनमें रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर, करुण नायर और आरपी सिंह शामिल हैं। इनमें से कुछ अब भी भारतीय क्रिकेट टीम की रीढ़ हैं, कुछ अपने चरम पर इतिहास रचकर अब नई जिम्मेदारियों में नजर आते हैं।

**रवींद्र जडेजाः 'सर जडेजा' दिग्गज ऑलराउंडर्स में शुमार**

टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा आज 37 वर्ष के हो गए। उनका जन्म छह दिसंबर 1988 को सौराष्ट्र में हुआ। 2009 में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू करने वाले जडेजा आज भारत के सबसे सफल स्पिन-ऑलराउंडर्स में शामिल हैं। उनकी तुलना अक्सर कपिल देव, इयान बॉथम और डेनियल विटोरी जैसे दिग्गजों से की जाती है। आज (6 दिसंबर) वे अफ्रीका के खिलाफ विशाखापत्तनम में खेले जाने वाले वनडे में उतरेंगे।

**जसप्रीत बुमराहः आधुनिक क्रिकेट का सबसे घातक पेस बॉलर**

जसप्रीत बुमराह आज 32 वर्ष के हो गए। छह दिसंबर 1993 को अहमदाबाद में जन्मे बुमराह की गेंदबाजी स्टाइल ने आधुनिक क्रिकेट की परिभाषा बदल दी। तेज गति, अजीब ऐक्शन और सटीक यॉर्कर, इन्हीं के कारण बुमराह दुनिया के सबसे घातक तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं।

2019 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट हैट्रिक लेकर इतिहास रचा और हैट्रिक लेने वाले भारत के तीसरे गेंदबाज बने। इसके अलावा टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बटोरने का भी रिकॉर्ड है। 2022 में बुमराह ने स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में 35 रन बटोरे थे।

**श्रेयस अय्यरः आधुनिक भारतीय क्रिकेट का भरोसेमंद बल्लेबाज**

मुंबई के धाकड़ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आज 31 साल के हो गए। उन्होंने भारतीय क्रिकेट में एक ऐसे बल्लेबाज की छवि बनाई है जो स्पिन, पेस और प्रेशर, सभी को आसानी से खेलता है। वह भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान भी हैं। 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल तक पहुंचने में और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में श्रेयस ने अहम भूमिका निभाई थी।

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए वे चोटिल हो गए थे और अब रिकवरी में हैं। वह अगले साल जनवरी में टीम इंडिया में वापसी कर सकते हैं। श्रेयस की खास बात यह है कि वह समय के मुताबिक अपना बल्लेबाजी स्टाइल बदलने में माहिर हैं।


**करुण नायरः एक तिहरा शतक जो इतिहास में दर्ज**

करुण नायर आज 34 वर्ष के हो गए। टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से तिहरा शतक लगाने वाले वह दूसरे खिलाड़ी हैं। उनके पहले ये रिकॉर्ड केवल वीरेंद्र सहवाग के नाम था। करुण नायर को तिहरे शतक के बाद टीम से निकाल गया था, जो आज तक का सबसे हैरान करने वाले फैसलों में से एक है।

हाल ही में इंग्लैंड दौरे में उन्हें मौका मिला, लेकिन वह फॉर्म में नहीं दिखे। इसके बाद वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उन्हें मौका नहीं दिया गया। वह रणजी में रनों का अंबार लगा चुके हैं।

**आरपी सिंहः रफ्तार, स्विंग और 2007 वर्ल्ड कप हीरो**

आरपी सिंह आज अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं। 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू करने के बाद उन्होंने 2007 के टी20 विश्व कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2018 में संन्यास के बाद अब वह चयन समिति में अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह मौजूदा चयन समिति का हिस्सा हैं।




# रॉयल किड्स स्कूल में शिव महापुराण कथा का तृतीय दिवस

## शिव-पार्वती विवाह मंचन ने बाँधा समां

- 7 दिसंबर को होगा भव्य रुद्राभिषेक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के राजनगर स्थित सेक्टर-7 के रॉयल किड्स स्कूल में चल रहे पंच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव के तृतीय दिवस पर व्यास पीठ से पूज्य श्री कमल नयन शास्त्री ने दिव्य कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उनके सरस वाणी में प्रस्तुत शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और भावुकता से भर दिया।





इस पावन आयोजन में गाजियाबाद के अनेक प्रतिष्ठित सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। प्रमुख अतिथियों में शामिल रहे-लायन वी.डी.जी.1 अदित्या गुप्ता ,लायन वी.डी.जी. 2 नवनीत अग्रवाल, सुरेंद्र सहगल, ललित जायसवाल, अजय जैन, गुलशन बजाज, विवेक मित्तल, समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता, बालकिशन गुप्ता , नीरज त्यागी , विनीत शर्मा, इसके अतिरिक्त शहर के कई अन्य सम्मानित व्यक्तियों ने भी आयोजन में पहुँचकर शिव विवाह के पावन दर्शन किए और कलाकारों की प्रेरणादायक प्रस्तुति की सराहना की।



कथा संयोजक लायन राजेश गर्ग, लायन रवि प्रकाश गुप्ता, लायन विजय गर्ग,लायन दीपक अग्रवाल,लायन अतुल भूषण एवं अन्य लायन बंधुओं ने सभी आगंतुक श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया ।

## खुशी के पल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेन्द्र यादव गाजियाबाद में एक विवाह समारोह में भाग लेने के लिए पहुंचे। राजनगर एक्सटेंशन में स्थित इस विवाह समारोह में आजमगढ़ के सांसद धर्मेन्द्र यादव से दैनिक करंट क्राइम के सम्पादक मनोज गुप्ता ने मुलाकात की। इस अवसर पर नोएडा से अजय गुप्ता भी मुख्य रूप से मौजूद थे। इस विवाह समारोह में धर्मेन्द्र यादव ने समाजवादी पार्टी के कई अन्य नेताओं से भी मुलाकात की और उनका कुशल श्रेम जाना।

# बीमारी के बावजूद नहीं मिली छुट्टी, शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी और मोदी साइंस एंड कॉमर्स इंटर कॉलेज में बायोलॉजी शिक्षक 58 वर्षीय लाल मोहन की बीएलओ ड्यूटी निभाते हुए हार्ट अटैक से मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि वह लंबे समय से अस्वस्थ थे और दो दिन पहले उन्होंने ड्यूटी से राहत की अपील भी की थी, लेकिन उन्हें छूट नहीं मिली।

लाल मोहन को साहिबाबाद विधानसभा में बीएलओ बनाया गया था, जिसे सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में गिना जाता है। मतदाता सूची पुनरीक्षण (SIR) के दौरान लगातार घर-घर जाकर सत्यापन, कठिन इलाकों में पहुंच और प्रशासनिक लक्ष्य पूरा करने का दबाव कर्मचारियों पर भारी पड़ रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि कॉलेज से करीब 32 शिक्षक बीएलओ ड्यूटी में लगे हैं और साहिबाबाद क्षेत्र में सबसे अधिक दबाव रहता है।

उन्होंने कहा, लोग घरों पर मिलते नहीं, ऊपर से प्रशासनिक दबाव। यही तनाव लाल मोहन जी की जान ले गया।

## टॉपर






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नंदग्राम के रहने वाले डा. हिमांशु निरवाल ने गाजियाबाद शहर का नाम रोशन किया है। लखनऊ के किंग जार्ज मैडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने वाले हिमांशु निरवाल ने यूनिवर्सिटी में टॉप किया है और गोल्ड मैडल हासिल किया है। 20 दिसम्बर को उन्हें लखनऊ में सम्मानित किया जायेगा। हिमांशु निरवाल 2016 बैच के छात्र हैं और वो रेडियोलोजी में एमडी हैं। हिमांशु निरवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता महेश निरवाल और अपनी माता तथा डा. आरएमएल पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल गीता रानी को दिया है।

# ऑल इंडिया जमात-ए-सलमानी में बड़ा बदलाव रियासुद्दीन सलमानी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

-राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की घोषणा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ऑल इंडिया जमात-ए-सलमानी एवं ऑल इंडिया ओबीसी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष खैरुल बशर सलमानी ने शनिवार को गाज़ियाबाद में आयोजित प्रेसवार्ता में संगठनात्मक विस्तार की बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि संगठन पूरे देश में न केवल सलमानी बिरादरी, बल्कि समस्त मुस्लिम पस्मान्दा समुदाय की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।






अध्यक्ष ने कहा कि इसी कड़ी में सलमानी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता रियासुद्दीन सलमानी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि रियासुद्दीन सलमानी के जुड़ने से जमात और समाज दोनों को नई मजबूती मिलेगी।

नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रियासुद्दीन सलमानी ने कहा कि वे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ समाज की सेवा करेंगे तथा संगठन को जिला, नगर और ग्रामीण स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

उन्होंने यह भी बताया कि देश में चल रही रफप्रक्रिया में संगठन अपने पदाधिकारियों के माध्यम से लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सहयोग कर रहा है।

इस मौके पर रियासुद्दीन सलमानी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री जनाब विकार अहमद सलमानी, राष्ट्रीय संयोजक इरफान सलमानी देहलवी, राष्ट्रीय प्रवक्ता आदिल सलमानी, जमात के वरिष्ठ नेता एवं बोर्ड मेंबर हाजी याकूब, बोर्ड मेंबर अनाब शकील सलमानी को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में गाज़ियाबाद सलमानी समाज के सदर कदीर सलमानी, जनाब कल्लन सलमानी, अनवार सलमानी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बाल खींचकर जमकर पीटा युवतियों के बीच हुई मारपीट



**नोएडा।** सोशल मीडिया पर युवतियों के बीच मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह से एक युवती दूसरी युवती के बाल पकड़कर खींच रही है तो वहीं दूसरी ओर अन्य युवतियां बीच बचाव करती हुई नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया में शनिवार दोपहर करीब दो बजे इस मारपीट का वीडियो पोस्ट कर एक यूजर ने दावा किया है कि यह सेक्टर 125 स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के परिसर का है, हालवांकि वीडियो कब का है और किस वजह से मारपीट हुई है, इसकी वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले को लेकर सेक्टर 126 थाने की पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है।

# आईफोन लुटेरे को मुठभेड़ के बाद दबोचा

- क्राइम ब्रांच और सिहानी गेट पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाइ
- आरोपी अनस है 25 हजार का इनामी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सिहानी गेट पुलिस और क्राइम ब्रांच स्वाट टीम ने शनिवार रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 25,000 रुपये के इनामी आईफोन लुटेरे अनस को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। अनस पर लगभग दो दर्जन से अधिक लूट के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार अनस खास तौर पर आईफोन लूटने का काम करता था और लूटे गए मोबाइल को अलग-अलग स्थानों पर कम दाम में बेच देता था। इस पर थाना शालीमार गार्डन से 25,000 रुपये का इनाम भी था। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने बताया कि अनस को हमदर्द चौराहे के पास रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने पुलिस पर गोली चलाई। पुलिस ने आत्मरक्षात्मक कार्रवाई करते हुए उसे पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया।



### पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर बनी थी टीम



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर इस मामले की जांच और गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच स्वार्ट प्रभारी अनिल राजपूत और थाना सिहानी गेट के प्रभारी कुलदीप दीक्षित की टीम बनाई गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को अनस की हाल की गतिविधियों की सीसीटीवी फुटेज मिली थी, जिससे उसकी लोकेशन का पता चला और कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि अनस की गिरफ्तारी के साथ ही आईफोन लूटने वाले गिरोह पर बड़ा झटका लगा है। आरोपी के पैर में गोली लगी है और उसे अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने बताया कि शहर में लगातार ऐसे अपराधियों को लंगड़ा करने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# बिल्डर प्रबंधन से पार्कों को देर रात तक खुले रहने की मांग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी-1 टाउनशिप के लोगों ने पार्क बंद करने के समय बदलाव की मांग को लेकर शनिवार को बिल्डर प्रबंधन के साथ बैठक की। निवासियों ने बिल्डर प्रबंधन को ज्ञापन भी सौंपा। लोगों का कहना है कि बिल्डर की ओर से शाम होते ही पार्क को बंद कर दिया जाता है। जबकि यहां पर निवासियों को टहलने के लिए अन्य कोई स्थान नहीं हैं।



निवासी अमरजीत सिंह, ज्ञानेश, अनीता प्रजापति ने बताया, गौड़ सिटी 1 टाउनशिप के अंदर कई सोसाइटी में करीब 40 हजार से अधिक की जनसंख्या रहती है। सोसाइटियों में रहने वाले लोगों के लिए राधा कृष्ण पार्क, दादा-दादी पार्क और लेक व्यू पार्क बनाया गया है। निवासी सुबह-शाम पार्क में टहलने के लिए आते है। लेकिन सर्दियां शुरू होने से अब तीनों पार्कों को शाम 7:30 बजे के बाद बंद किया जा रहा है।




## बड़े खुलासों से क्यों दूर रहे डीसीपी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में डीसीपी स्तर के अधिकारियों की पॉवर की चर्चा हमेशा से रहती है, लेकिन बीते कुछ दिनों से बात कुछ अलग सी नजर आ रही है। इन दिनों ऐसा देखने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़े खुलासों को लेकर पुलिस के डीसीपी स्तर के अधिकारी खुलासों को लेकर महत्व नहीं दे रहे हैं। यही वजह है कि बीते दिनों देहात में बेहत सनसनीखेज हत्या के बड़े मामले का खुलासा हुआ, पर इसके आरोपी को सीधा जेल भेज दिया गया। किसी जिम्मेदारी अधिकारी ने ना कोई प्रेसवार्ता की और ना ही किसी बड़े अधिकारी के स्तर से कोई वीडियो संदेश जारी किया गया। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में उसके अगले ही दिन सिटी वाले जोन में एक बुजुर्ग दंपति और बेहद पॉश इलाके के मामले को लेकर भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला है। बस यहां सीन इतना बतला था कि एसीपी स्तर के अधिकारी द्वारा घटना के खुलासे का सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो व्हाइट जारी कर दिया गया है। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि दोनों ही मामले में डीसीपी स्तर के अधिकारी महत्वपूर्ण खुलासे से दूर रहे, अब इसकी वजह क्या है यह तो पुलिस कमिश्नरेट के शीर्ष अधिकारी बेहतर बता पाएंगे लेकिन जिस तरीके से बड़े घटनाक्रमों के खुलासे से बड़े अधिकारियों की दूरी है इसकी चर्चा हो रही है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नए साहब के आने के बाद देखा जा रहा था कि गुडवर्क को लेकर फॉक्स हो रहा है लेकिन ऐसा लग रहा है कि अब ट्रैक शायद कुछ आउट हुआ है। तभी तो दो बेहद महत्वपूर्ण मामलों में पुलिस के अधिकारियों के स्तर से खुद दिलचस्पी न लेना भी चर्चा का विषय है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि जिस तरीके से तीनों जोन में क्राइम वाली मीटिंग समाप्त हो गई है, अब इसका फील्ड पर कितना असर होगा। कौन सा जोन वर्ष- 2026 में बेहतर प्लानिंग के साथ क्राइम कंट्रोल का प्लान बनाता है और उसका पालन होगा। इसके लिए अभी लंबा वेट करना पड़ेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में किसी बड़ी लिस्ट की संभावना ना के बराबर बताई जा रही है। इसके साथ ही देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से जल्द ही कौन इन और कौन आउट किया जाता है।




# संगम - द बॉन्ड ऑफ रिलेशनशिप का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के एमपीएस स्कूल के वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम ह्लसंगम झ्र द बॉन्ड ऑफ रिलेशनशिपह्व रखा गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने माताझ्रपिता, भाईझ्र बहन, मित्रता, गुरुझ्रशिष्य, आधिकारिक संबंधों तथा मानवता से जुड़े विभिन्न रिश्तों को आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि रीजनल डायरेक्टर, सीबीएसई



एस. धारिणी अरुण तनु अग्रवाल , श्याम तयाल उपस्थित रहे। चेयरमैन प्रशांत गर्ग व प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना माहेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पझ्रगुच्छ, शॉल एवं मोमेंटो देकर किया।

प्रधानाचार्या डॉ. माहेश्वरी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल प्रतियोगिताओं तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख किया गया।

इसी क्रम में देवबन्धन राठी, वैभव और वेदिता चाष्टा को कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रत्येक को चेक सर्टिफिकेट और मैडल प्रदान किया गया। वहीं कक्षा 10वीं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चेक,सर्टिफिकेट और मैडल देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि सीबीएसई ने हमेशा से नैतिक संस्कारों पर जोर देता आया है, उन्हें आज हमने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में जीवंत देखा। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा और आत्मविश्वास वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# शादी से मना करने पर गोली मारकर की थी हत्या, आरोपी बिहार से गिरफ्तार

- हत्या करने के बाद आरोपी गुजरात, बिहार में काटी फरारी, बिहार से पुलिस ने पकड़ा
- चोरी में जेल जाने के बाद युवती ने आरोपी से बात बंद कर दी थी, शादी से भी मना किया था

**नोएडा।** शादी से इनकार करने पर प्रेमिका की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को कोतवाली फेज टू पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया। युवक ने पिछले महीने याकूबपुर गांव में प्रेमिका की हत्या कर दी थी पुलिस ने घटना में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद किया है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

नोएडा सेंट्रल के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि याकूबपुर गांव में 28 नवंबर की रात को 25 वर्षीय युवती सोनू उर्फ सोनी को उसके प्रेमी कृष्ण कुमार ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसके बाद वह फरार हो गया था। हत्या के बाद वह गुजरात भाग गया और वहां से यूपी आया। इसके बाद बिहार भाग गया। वहीं फरारी काट रहा था। नोएडा सेंट्रल पुलिस की टीम ने बिहार पुलिस की मदद से आरोपी कृष्णा को भोजपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया। वारदात करने के बाद हत्यारोपी ने पिस्टल को झाड़ियों में फेंक दिया था। वहां से पिस्टल भी बरामद कर ली गई है।



जेल जाने से पर बनी दूरी, बात करने से मना करती थी युवती : युवक व युवती के बीच प्रेम संबंध थे। इस बीच अगस्त 2025 में कृष्णा को कोतवाली सेक्टर-142 पुलिस ने चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। कृष्णा जिस घर में वह काम करता था वहीं से उसने करीब एक किलो सोना और लाखों की नकदी चुराई थी।

पुलिस ने जब मामले का पदार्फाश किया तो मालिक ने सोनू और कृष्णा दोनों को काम से हटा दिया था।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीवन में उमंग है तो नृत्य है और ये डांस है जो बाईचांस है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव लाईफ को जीना जानते हैं। उन्हें पता है कि जिंदगी के हर पल को कैसे एंजाय करना है। वो एक विवाह समारोह में पहुंचे और ढोल की थाप पर वो कदमों को रोक नहीं सके। उन्होंने आनन्द के इस पल को फेसबुक पर साझा किया और लिखा कि शादी का आनन्द नाच गाने के बिना कहां। मस्ती की इस पोस्ट को हिमांशु लव ने अपने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## ट्रंप प्रशासन ने पोर्टल लॉन्च कर आम अमेरिकी नागरिकों से मांगी मदद

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का व्हाइट हाउस अब खुद को मीडिया आलोचक के रूप में पेश कर रहा है। इसके लिए ट्रंप प्रशासन ने एक नया वेब पोर्टल भी लॉन्च किया है। साथ ही आम अमेरिकी नागरिकों से मदद भी मांगी है। इतना ही नहीं दावा किया गया है कि अब ये पोर्टल मीडिया आउटलेट्स की कथित पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग को उजागर करेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्हाइट हाउस अब खुद को मीडिया आलोचक के रूप में पेश कर रहा है। साथ ही आम अमेरिकियों से मीडिया पूर्वाग्रह की जानकारी साझा करने के लिए मदद मांग रहा है। व्हाइट हाउस ने एक नया वेब पोर्टल लॉन्च किया है, दावा किया जा रहा है कि इसका मकसद मीडिया आउटलेट्स की कथित पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग को उजागर करना है। शुरूआत में इस पोर्टल ने बोस्टन ग्लोब, सीबीएस न्यूज, द इंडिपेंडेंट और द वाशिंगटन पोस्ट को सप्ताह के मीडिया अपराधी के रूप में नामित किया। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही मीडिया पर लगातार आरोप लगाना शुरू कर दिया था। इतना



ही नहीं मीडिको को 'फेक न्यूज' भी कहा था। उन्होंने सीबीएस न्यूज और वॉल स्ट्रीट जर्नल के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी, एसोसिएटेड प्रेस के साथ मीडिया एक्सेस पर विवाद किया और सरकारी मीडिया आउटलेट वॉयस ऑफ अमेरिका को खत्म करने की कोशिश की।

**आम अमेरिकियों से मांगी मदद**

व्हाइट हाउस ने पोस्ट लॉन्च के बाद व्हाइट हाउस ने आम लोगों से भी मीडिया पूर्वाग्रह के उदाहरण साझा करने को कहा है। प्रेस ऑफिस ने बताया कि हम सभी झूठी या भ्रामक कहानियों की पहचान नहीं कर सकते, इसलिए आम लोगों की मदद जरूरी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लीविट ने कहा कि यह सब संभालना बहुत भारी है। यह नया पोर्टल पत्रकारों को जवाबदेह बनाने का प्रयास है।

# नेशनल गार्ड की तैनाती को लेकर घिरे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, संघीय अदालत ने उठाए सवाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन के कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड तैनात करने के फैसले पर सवाल उठाए। ट्रंप प्रशासन ने पहले लॉस एंजिलिस में नेशनल गाड्र्स की तैनाती की और इसे लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन भी हुए। सैन फ्रांसिस्को में सुनवाई के दौरान यूएस डिस्ट्रिक्ट जज चार्ल्स ब्रेयर ने सवाल किया कि क्या प्रशासन संघीय कानून की आड़ में हमेशा के लिए स्टेट गाड्र्स को नियंत्रित कर सकती है।

जज ने संघीय सरकार से किए तीखे सवाल

जज ने कहा कोई संकट हमेशा नहीं रहता। मेरा मानना है कि अनुभव हमें सिखाते हैं कि संकट आते-जाते रहते हैं और ऐसा ही चलता है। जज ने संघीय सरकार के अटॉर्नी से पूछा कि क्या ऐसा कोई सबूत है, जिससे साबित हो कि राज्य सरकार सक्षम नहीं हैं या संघीय लोगों और संघीय



संपत्ति की सुरक्षा नहीं कर सकती? गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया में हजारों नेशनल गाड्र्स की तैनाती की है।

### जज ने नेशनल गाड्र्स की तैनाती को अवैध करार दिया

कैलिफोर्निया प्रशासन ने अदालत से अपील की कि राज्य में तैनात नेशनल गाड्र्स का नियंत्रण अब राज्य सरकार को सौंपा जाए, लेकिन अदालत ने फिलहाल ऐसा करने से इनकार कर दिया, लेकिन जज ने कैलिफोर्निया में नेशनल गाड्र्स की तैनाती को अवैध करार दिया है। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोन्टा ने कहा, 'नेशनल गार्ड राष्ट्रपति की कोई निजी आर्मी नहीं है, जिसे वे जहां चाहे, वहां तैनात कर दें और उसकी कोई वजह भी न बताएं।' अप्रवासन कार्रवाई का विरोध होने पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया में चार हजार से ज्यादा नेशनल गाड्र्स की तैनाती की थी। हालांकि अब उनकी संख्या घटकर करीब 100 ही रह गई है।

**कैलिफोर्निया में नेशनल गाड्र्स की तैनाती को लेकर ट्रंप घिर गए हैं। एक संघीय जज ने इसे लेकर राष्ट्रपति ट्रंप की आलोचना की और नेशनल गाड्र्स की तैनाती को अवैध करार दिया।**

### न्याय विभाग ने किया राष्ट्रपति के अधिकार का बचाव

न्याय विभाग के अटॉर्नी एरिक हैमिल्टन ने नेशनल गाड्र्स की तैनाती के राष्ट्रपति के अधिकार का बचाव किया और कहा कि संघीय कानून राष्ट्रपति जब तक जरूरी समझें, तब तक उन्हें स्टेट गार्ड सैनिकों पर कंट्रोल बढ़ाने की पावर देता है। उन्होंने कहा कि लॉस एंजिलिस में बचे हुए सैनिक इमिग्रेशन एजेंटों को सुरक्षा दे रहे थे। हैमिल्टन ने कहा कि कोर्ट के पास यह रिव्यू करने का अधिकार नहीं है कि राष्ट्रपति नेशनल गार्ड मिशन को कैसे मैनेज करते हैं, लेकिन अगर वह कर भी सकता, तो उसे लॉस एंजिलिस में हुई हिंसा पर भी विचार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'हम इस साल जून में लॉस एंजिल्स में जो हुआ, उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते।' ट्रंप का कैलिफोर्निया में नेशनल गाड्र्स की तैनाती दशकों में पहली बार है, जब किसी राज्य में नेशनल गाड्र्स को उसके गवर्नर के अनुरोध के बिना एक्टिवेट किया गया था।

## कांगो और रवांडा संघर्षविराम पर सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कांगो और रवांडा के बीच शांति समझौता कराने में सफलता पाई है। यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति की मेजबानी में रवांडा और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (ऊफ्ळ) के नेताओं के बीच 30 वर्ष से जारी संघर्ष को समाप्त करने का मकसद हासिल करने के लिए हुआ। तीनों देशों के नेताओं ने एक समारोह के दौरान दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे और ऊफ्ळ के राष्ट्रपति फेलिक्स त्शिसेकेदी ने इसे 'चुनौतीपूर्ण' रास्ता बताया है। दोनों ने संघर्षविराम का पालन करने की प्रतिबद्धता भी जताई है।

ट्रंप ने इसे अफ्रीका के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए 'महान दिन' करार दिया। उन्होंने संकेत दिया कि इस समझौते के बाद मध्य अफ्रीका के दुर्लभ खनिजों तक अमेरिकी कंपनियों की पहुंच आसान होगी। ट्रंप ने बताया कि अमेरिका की प्रमुख कंपनियां अफ्रीकी क्षेत्र में निवेश करेंगी और खनिज संसाधनों से सभी पक्षों को लाभ होगा।

## बब्बर खालसा की फंडिंग रोकने के लिए ब्रिटेन ने लगाए कड़े प्रतिबंध

**लंदन।** यूके सरकार ने खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठन बब्बर खालसा की फंडिंग रोकने के लिए पहली बार बड़ी कार्रवाई करते हुए संपत्ति फ्रीज की और गुरप्रीत सिंह रेहल पर डायरेक्टर डिसक्वालिफिकेशन लगाया।

यूनाइटेड किंगडम ने खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठन बब्बर खालसा की फंडिंग को रोकने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। ब्रिटिश सरकार ने पहली बार इस संगठन के खिलाफ कठोर संपत्ति फ्रीज और वित्तीय प्रतिबंध लागू किए हैं। यह कदम भारत में सक्रिय खालिस्तानी संगठनों की वैश्विक गतिविधियों पर प्रहार माना जा रहा है।

सरकार ने गुरप्रीत सिंह रेहल पर भी कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्तियां फ्रीज कर दी हैं और उन्हें किसी भी ब्रिटिश कंपनी में डायरेक्टर बनने या प्रबंधन का हिस्सा बनने से प्रतिबंधित कर दिया है। यूके ट्रेजरी के अनुसार



रेहल पर भारत में सक्रिय आतंकी संगठनों के लिए फंडिंग जुटाने और हथियार खरीदने जैसी गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है। इसके साथ ही, यूके ने बब्बर अकाली लहर की संपत्तियों को भी सीज कर दिया है, जिसे बब्बर खालसा की गतिविधियों को बढ़ावा देने और भर्ती अभियान चलाने में शामिल पाया गया है।

यूके ट्रेजरी ने क्या कहा?

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अनुसार रेहल और बब्बर अकाली लहर दोनों संगठनों ने आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने, नए सदस्यों की भर्ती करने, वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराने और हथियार व सैन्य सामग्री की खरीद में सक्रिय भूमिका निभाई। इन्हीं गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए दोनों पर तुरंत प्रभाव से आर्थिक और प्रशासनिक प्रतिबंध लागू किए गए, ताकि उनकी फंडिंग और संचालन को रोका जा सके।

हम आतंकियों को ब्रिटेन की वित्तीय प्रणाली का दुरुपयोग नहीं करने देंगे- यूके सरकार

यूके की आर्थिक सचिव लूसी रिग्बी ने कहा हम चुप नहीं बैठेंगे जब आतंकवादी ब्रिटेन की आर्थिक व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं। यह ऐतिहासिक कार्रवाई दिखाती है कि हम आतंकवाद की फंडिंग रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार हैं। यूके शांति और सौहार्द में विश्वास रखने वाले लोगों के साथ खड़ा है।

कानूनी आधार क्या है?

यूके की यह कार्रवाई आतंकवाद विरोधी (प्रतिबंध) विनियम 2019 के तहत की गई है, जो सरकार को आतंकवाद में शामिल व्यक्तियों या संगठनों की संपत्तियां फ्रीज करने और उन पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है। गौरतलब है कि बब्बर खालसा पहले से ही यूके की सूची में प्रतिबंधित आतंकी संगठन है।

## चमन सीमा पर पाकिस्तान-अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी, तीन लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगान सुरक्षा बलों के बीच चमन सीमा पर शुक्रवार रात से भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन लोग घायल हुए। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दोनों पक्षों ने एक बार फिर एक-दूसरे पर हमले का आरोप लगाया है।



पाकिस्तान और अफगान के सुरक्षा बलों के बीच चमन सीमा पर भारी गोलीबारी हुई है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई है।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ घायलों को चमन के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर शुक्रवार देर रात से बलूचिस्तान प्रांत में सीमा पार हुई इस झड़प को भड़काने का आरोप लगाया।

**दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप**

पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि अफगान बलों ने बदानी क्षेत्र में मोर्टार गोले दागे। वहीं अफगान तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया कि हमला पाकिस्तान ने किया और उनके सैनिकों ने केवल जवाब में गोलाबारी की। पाकिस्तानी अधिकारियों ने डॉन अखबार को बताया कि पाकिस्तानी बलों ने अफगान आक्रामकता का जवाब देते हुए पलटवार किया।

चमन-कंधार राजमार्ग पर भी झड़पें

चमन-कंधार राजमार्ग पर भी झड़पें होने की खबर है। लेकिन इसकी तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी है। क्वेटा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पुष्टि की कि गोलीबारी रात करीब दस बजे शुरू हुई और देर रात चलती रही।

**महिला सहित तीन लोग घायल, अस्पताल में भर्ती:** चमन जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि तीन घायलों को अस्पताल लाया गया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है।

## पढ़ाई के लिए धर्म बदलने को मजबूर हिंदू छात्राएं

### कलमा पढ़ने के लिए मासूमों पर जबरन बनाया जा रहा दबाव

**सिंध।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के मीरपुर साक्रो स्थित सरकारी हाई स्कूल में कुछ हिंदू छात्राओं को पढ़ाई जारी रखने के लिए इस्लाम अपनाने और कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किए जाने की शिकायत मिली। छात्राओं के माता-पिता का आरोप है कि धर्म बदलने से इंकार पर उन्हें घर भेज दिया गया। घटना पर आक्रोश फैलने के बाद सरकार ने तुरंत जांच के आदेश दिए हैं।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अल्पसंख्यक हिंदू स्कूली छात्राओं को पढ़ाई जारी रखने के लिए इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाया गया। इसकी शिकायत के बाद सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि नवंबर अंत में सिंध के मीरपुर साक्रो में स्थित सरकारी हाई स्कूल की कुछ हिंदू छात्राओं के माता-पिता ने मीडिया को बताया था कि प्रधानाध्यापिका ने हिंदू छात्राओं से कहा था कि वे अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए इस्लाम धर्म अपना लें।

माता-पिता ने आरोप लगाया कि




हिंदू छात्राओं को कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किया गया और हिंदू धर्म का मजाक उड़ाया गया। इस घटना से आक्रोश फैल गया। छात्राओं के माता-पिता का कहना है कि इस्लाम धर्म अपनाने या कलमा पढ़ने से इन्कार करने पर छात्राओं को उनके घर लौटा दिया गया।

### शिक्षा मंत्री ने बनाई समिति, दर्ज किए बयान

धार्मिक मामलों के राज्यमंत्री खीसो मल खील दास ने बृहस्पतिवार को संसद के उच्च सदन सीनेट को बताया कि प्रांतीय शिक्षा मंत्री ने इस मामले की जांच का आदेश दिया है। सिंध के शिक्षा मंत्री सैयद सरदार अली शाह के एक प्रवक्ता ने बताया कि मीरपुर साक्रो का दौरा करने व सच्चाई का पता लगाने के लिए एक समिति बनाई गई है।

उन्होंने शुक्रवार को कहा कि समिति सदस्यों ने प्रभावित छात्रों, उनके माता-पिता, प्रधानाध्यापिका और अन्य शिक्षकों के बयान दर्ज कर लिए हैं। किसी को भी जबरन धर्म परिवर्तन कराने के लिए दबाव या धमकियों का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं है।

### आम है अल्पसंख्यक लड़कियों का जबरन अपहरण, धर्मांतरण व शादी

गौरतलब है कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू आबादी सबसे ज्यादा है। इनमें ज्यादातर कम आयवर्ग के लोग हैं। यहां अल्पसंख्यक नाबालिग लड़कियों का अपहरण करके उनकी बड़ी उम्र के लोगों के साथ जबरन शादी करवा दी जाती है।

मानवाधिकार समूह का अनुमान है कि हर साल लगभग 1,000 से ज्यादा अपल्संख्यक लड़कियों को अगवा कर उनका जबरन धर्मांतरण करवाया जाता है। इसके बाद उनकी जबरन बड़ी उम्र के लोगों के साथ शादी करवा दी जाती है। इनमें भी अधिक संख्या दलित हिंदू लड़कियों की होती है।

## भारत को जल्द मिलेंगी 40 हजार लाइट मशीन गन

**यरू।** इस्त्राइल की एक प्रमुख रक्षा कंपनी ने कहा कि वह अगले साल की शुरूआत से भारत को 40 हजार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप देना शुरू करेगी। इसके साथ ही कंपनी करीब एक लाख 70 हजार आधुनिक कार्बाइन देने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के अंतिम चरण में है।

इस्त्राइल वेपन इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शुकी श्वाट्र्ज ने कहा कि उनकी कंपनी भारतीय गृह मंत्रालय की कई एजेंसियों के साथ मिलकर पिस्तौल, राइफल और मशीन गन जैसे हथियारों की भारत में बिक्री पर काम कर रही है।

श्वाट्र्ज ने पीटीआई के साथ इंटरव्यू में कहा, हम अभी तीन बड़े कार्यक्रमों में शामिल हैं। पहला 40 हजार लाइट मशीन गन का अनुबंध है, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर हुए थे। हमने सभी परीक्षण और सरकारी जांच पूरी कर ली है और हमें उत्पादन का लाइसेंस मिल गया है। हम साल की शुरूआत में पहली खेप देने की तैयारी में हैं।

उन्होंने कहा कि एलएमजी की



**इस्त्राइल की प्रमुख रक्षा कंपनी से भारत को अगले साल की शुरूआत में 40 हजार लाइट मशीन गन मिल सकती हैं। कंपनी पहली खेप की आपूर्ति करने पर विचार कर रही है। साथ ही, कंपनी लगभग 1,70,000 आधुनिक कार्बाइन देने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर के अंतिम चरण में है।**

आपूर्ति पांच वर्षों तक चलेगी। उन्होंने कहा कि वह इससे जल्दी भी आपूर्ति कर सकते हैं, लेकिन पहली खेप साल की शुरूआत में दी जाएगी। श्वाट्र्ज ने कहा कि दूसरा कार्यक्रम सीक्यूबी (क्लोज क्वार्टर्स बैटल) कार्बाइन का टेंडर है।

इसमें उनकी कंपनी ने दूसरी सबसे बड़ी बोली लगाई थी, जबकि 'भारत फोर्ज' मुख्य बोली लगाने वाली कंपनी है। उन्होंने कहा, हम इस अनुबंध के 40 फीसदी हिस्से की आपूर्ति करना चाहते हैं। हम अनुबंध पर हस्ताक्षर से ठीक पहले के चरण में हैं और मुझे लगता है कि यह इस साल के अंत तक या अगले साल की शुरूआत में पूरा हो जाएगा।

सीक्यूबी कार्बाइन की 60 फीसदी आपूर्ति भारत फोर्ज द्वारा की जाएगी, जबकि बाकी 40 फीसदी (1,70,000 यूनिट) अदाणी ग्रुप की कंपनी पीएलआर सिस्टम्स द्वारा दी जाएगी।

आर्बेल तकनीक के बारे में श्वाट्र्ज ने बताया कि यह एक कंप्यूटरीकृत हथियार प्रणाली है, जिसमें एक जटिल एल्गोरिदम यह पता करता है कि कब कोई सैनिक सही निशाने पर है और फिर बहुत तेजी और सटीकता से फायर करता है। उन्होंने कहा कि भारत को इस तकनीक के साथ जोड़ने पर शुरूआती बातचीत चल रही है।

उन्होंने कहा, हम अलग-अलग एजेंसियों से आर्बेल तकनीक को अपनाने को लेकर शुरूआती चर्चा में हैं। एक बार वे इसे लेने का फैसला कर लें, तो हम इसकी इस्त्राइल और भारत में संयुक्त रूप से बनाकर आपूर्ति करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत में इस सह-उत्पादन की जिम्मेदारी पीएलआर सिस्टम्स संभालेगी।

## न्यूयॉर्क में घर में आग लगने के बाद भारतीय छात्रा की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत की एक छात्रा की मौत हो गई। घर में आग लगने के कारण छात्रा को गंभीर चोटें आई थीं। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी।

सहज रेड्डी उदुमाला (24 वर्षीय) न्यूयॉर्क की राजधानी अल्बानी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही थी। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उदुमाला की आकस्मिक मृत्यु से गहरा दुख हुआ।'

दूतावास ने कहा, इस कठिन समय में हमारे विचार और हार्दिक संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। इसने यह भी कहा कि वह उदुमाला के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। अल्बानी पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि उनके कर्मी और अल्बानी दमकल विभाग ने चार दिसंबर की सुबह घर में




आग लगने की सूचना के बाद तत्काल प्रतिक्रिया दी थी। जब वे घटनास्थल पर पहुंचे थे तो अधिकारियों और दमकल कर्मियों ने पाया कि घर पूरी तरह से आग में जल रहा था और कई लोग अभी भी घर के अंदर थे। कर्मियों की टीमें घर के अंदर चार वयस्कों को ढूंढने में सफल हुए, जिन्हें आपात मेडिकल कर्मियों ने मौके पर उपचार दिया और फिर उन्हें गंभीर चोटों के उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इनमें से दो पीड़ितों को आगे के इलाज के लिए मेडिकल बर्न सेंटर में स्थानांतरित किया गया।

पुलिस विभाग ने कहा, दुर्भाग्यवश वयस्क पीड़ित महिला ने आग में लगी चोटों के कारण अपनी जान गंवा दी। परिवार को सूचना मिलने तक पुलिस

**न्यूयॉर्क के अल्बानी में घर में आग लगने के बाद गंभीर रूप से घायल हुई 24 वर्षीय भारतीय छात्रा सहज रेड्डी उदुमाला की मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने उनके निधन पर दुख जताया है और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।**

ने पीड़िता का नाम सार्वजनिक नहीं किया। लेकिन मृतक को उनके परिवार ने उदुमाला के रूप में पहचान लिया। उदुमाला केचचेरा भाई रत्न गोपू ने अंतिम संस्कार, श्रद्धांजलि सभा, वापसी और परिवहन के इंतजाम और परिवार की सहायता व अतिरिक्त खर्चों के लिए पैसा जुटाने का अभियान शुरू किया है।

इस अभियान में गोपू ने कहा, हमारा परिवार एक अवर्णनीय त्रासदी का सामना कर रहा है, हमारी प्रिय चचेरी बहन सहज उदुमाला का एक भीषण अग्निकांड के बाद निधन हो गया। उन्होंने आगे कहा, सहज केवल 24 साल की थीं, एक मेहनती छात्रा थीं, जो न्यूयॉर्क के अल्बानी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही थीं और भविष्य को लेकर सपनों और उम्मीदों से भरी हुई थी। गोपू ने कहा कि उदुमाला के शरीर के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में गंभीर रुप से झुलसने के निशान थे। उन्होंने कहा, उन्होंने पूरी ताकत के साथ संघर्ष किया। सभी चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती गई और आखिरक उनके अंग पूरी तरह विफल हो गए, जिससे उनकी आज सुबह मृत्यु हो गई।

## प्रोफेसर ने यहूदी धर्म स्थल के पास चूहे मारने के लिए की पिस्तौल से गोलीबारी

**बोस्टन।** हार्वर्ड के विजिटिंग प्रोफेसर कार्लोस गुवेआ ने योम किप्पुर के दिन अपने घर के पास चूहे मारने के लिए पिस्तौल चलाई, जिसके बाद उनका अमेरिका का वीजा रद्द कर दिया गया और उन्हें देश छोड़ना पड़ा। पुलिस ने कहा कि उन्हें पता नहीं था कि वह सिनेगॉग के पास हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने इसे यहूदी-विरोधी कृत्य बताया।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक विजिटिंग प्रोफेसर कार्लोस पुर्तगाल गुवेआ को वीजा रद्द होने के बाद अमेरिका छोड़ना पड़ा है। ब्राजील मूल के गुवेआ ने पुलिस को बताया था कि उन्होंने अपने घर के पास चूहे मारने के लिए पिस्तौल का इस्तेमाल किया था। यह घटना योम किप्पुर (यहूदी समुदाय का पर्व) के दिन एक सिनेगॉग के पास हुई थी, जिसके बाद मामला



तूल पकड़ गया। अमेरिकी आव्रजन विभाग ने बुधवार को कार्लोस को हिरासत में लिया। अधिकारियों के मुताबिक, गुवेआ निर्वासन का सामना करने के बजाय स्वेच्छा से अमेरिका से निकलने पर राजी हो गए। उनके वकील ने बताया कि वह गुरुवार को ब्राजील पहुंच गए।

घटनास्थल के पास स्थित टेंपल बेथ जायन (सिनेगॉग) ने घटना के कुछ दिनों बाद सोशल मीडिया पर कहा था कि मामले में यहूदी-विरोधी भावना का कोई संकेत नहीं मिला है। शुरूआत में पुलिस ने भी बताया था कि गुवेआ को पता नहीं था कि वह सिनेगॉग के पास हैं या उस दिन कोई धार्मिक पर्व है। उनका कहना था कि वह केवल चूहे मार रहे थे।

इसके बावजूद, अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग ने इस घटना को यहूदी-विरोधी कृत्य बताते हुए कड़ा रुख अपनाया। विभाग की सहायक सचिव ट्रिशिया मैक्लॉफलिन ने कहा कि अमेरिका में काम करना और पढ़ाई करना एक विशेषाधिकार है, अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे हिंसक यहूदी-विरोधी कृत्यों के लिए देश में कोई स्थान नहीं है। ब्रुकलाइन पुलिस के मुताबिक, घटना एक अक्तूबर की रात करीब नौ बजे हुई, जब योम किप्पुर के चलते सिनेगॉग में प्रार्थना चल रही थी। सुरक्षा गार्डों ने दो तेज आवाजें सुनीं और गुवेआ को एक पेड़ के पीछे बंदूक लिए खड़ा देखा।




# हिंडन एयरपोर्ट से इंडिगो की उड़ानें रद्द: 9 शहरों के लिए इंडिगो एयरलाइन उड़ान भरती है, यात्रियों को टिकट रिफंड का आश्वासन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। शनिवार को एयरलाइन ने अपनी पांच निर्धारित उड़ानों में से एक को रद्द कर दिया। इससे पहले गुरुवार को भी उड़ानें रद्द की गई थीं। कम विजिबिलिटी के साथ-साथ तकनीकी और ऑपरेशनल कारणों से पिछले चार दिनों से देशभर में इंडिगो की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हो रही हैं।

हिंडन एयरपोर्ट से इंडिगो कुल नौ शहरों–अहमदाबाद, गोवा, बेंगलुरु, चेन्नई, इंदौर, कोलकाता, मुंबई, पटना और वाराणसी के लिए उड़ानें संचालित करती है। वर्तमान में केवल सात उड़ानों का ही संचालन किया जा रहा है। शनिवार को मुंबई जाने वाली उड़ान रद्द कर दी गई। इंडिगो ने यात्रियों को टिकट रिफंड या अगली उपलब्ध उड़ान में समायोजन का आश्वासन दिया है।

### एयरपोर्ट पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं

एयरपोर्ट निदेशक डॉ. चिलका महेश ने बताया कि इंडिगो एयरलाइन की तरफ से डेली अपडेट दिए जा रहे हैं। उन्होंने पुष्टि की कि शनिवार को इंडिगो की पांच उड़ानों में से मुंबई जाने वाली एक उड़ान रद्द कर दी गई थी। यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।



### उड़ान रद्द होने की पहले सूचना नहीं मिली

एयरपोर्ट पर दिनभर यात्रियों की आवाजाही जारी रही। कई यात्रियों ने शिकायत की कि उन्हें उड़ान रद्द होने की कोई पहले सूचना नहीं मिली थी। हालांकि, एयरलाइन कर्मचारियों का कहना है कि सभी पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर संदेश भेज दिए गए थे। इस बीच, एयर इंडिया एक्सप्रेस और फ्लाई विंग की सभी उड़ानें सामान्य रूप से संचालित हुईं। हिंडन एयरपोर्ट से प्रतिदिन एक हजार से अधिक यात्री इंडिगो की सेवाओं का उपयोग करते हैं। यहां से उड़ान भरने वाले विमान 80 सीटों वाले हैं और सामान्य दिनों में 70–80 प्रतिशत सीटें बुक रहती हैं। इंदौर और अहमदाबाद ऐसे शहर हैं, जहां के लिए केवल इंडिगो की ही उड़ान उपलब्ध थी, जिसके कारण इन मार्गों के यात्रियों को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

# वसुंधरा वार्ड 61 में इंटरलॉकिंग टाइल कार्य का शिलान्यास

## पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने नारियल फोड़ कर किया शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के वार्ड 61 के आदर्श सोसाइटी में इंटरलॉकिंग टाइल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने नारियल फोड़ कर इस परियोजना की शुरूआत की और क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई।

इस अवसर पर अजय डोवाल, अंकित शर्मा, संजय त्यागी, अमित शर्मा, बच्चन सिंह बिष्ट, अशोक बिष्ट, संजय तोमर, एस अग्रवाल, बी गुसाईं और आकाश चौधरी सहित कई स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस कार्य को गति देने का संकल्प लिया।

शिलान्यास समारोह में आशीष चौधरी ने कहा, इंटरलॉकिंग टाइल से सड़कों की मजबूती और सुंदरता दोनों बढ़ेगी, जिससे वार्डवासियों को रोजमर्रा की यात्रा में सुविधा होगी। वसुंधरा के वार्ड 61 में पहले भी आशीष चौधरी ने विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया है, जिसमें पार्क के बाउंड्री वॉल और फुटपाथ मरम्मत शामिल हैं।

इस बार का इंटरलॉकिंग टाइल प्रोजेक्ट भी उसी विकास की कड़ी में जोड़ता है।

समारोह के बाद सभी उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और भविष्य में भी इसी तरह के विकास कार्यों की उम्मीद जताई।

# नगर आयुक्त ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा

## खाली स्थानों पर इंटरलॉकिंग लगाकर सड़कों को डस्ट-फ्री करने का निर्देश





### - वायु प्रदूषण को सुधाने के लिए बनाया गया प्लान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरभर में जारी निर्माण और मरम्मत कार्यों का शनिवार को विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने रोटरी गोल चक्कर, एलिवेटेड रोड, विवेकानंद नगर चौराहा, नेहरू नगर और कालका गढ़ी चौक सहित कई प्रमुख स्थानों पर काम की प्रगति देखी। नगर आयुक्त के साथ निर्माण विभाग की पूरी टीम मौजूद रही और मौके पर संबंधित जानकारी साझा की।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त कालका गड़ी स्थित निमार्णाधीन नाले के कार्य से संतुष्ट नजर आए। लगभग 3 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे इस नाले की लंबाई 692 मीटर और चौड़ाई 1.80 मीटर है। इस नाले के तैयार होने से वार्ड 12, 88 और 96 के हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए नाले और सड़क के बीच बची जगह पर इंटरलॉकिंग टाइल लगाने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि नाले का कार्य अग्ले एक माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद नगर आयुक्त ने गांधीनगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां बने एमआरएफ सेंटर पर शेड लगाने के निर्देश देते हुए उन्होंने खाली स्थानों पर इंटरलॉकिंग बिछाने को कहा। उन्होंने शहर में चल रहे मरम्मत कार्यों में तेजी लाने तथा प्रमुख सड़कों से सटे खाली स्थानों को इंटरलॉकिंग लगाकर धूल मुक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थान जहां वाहनों की आवाजाही अधिक है, वहां धूल उड़ने से प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए इन जगहों को डस्ट-फ्री बनाना आवश्यक है। इसी क्रम में सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट और प्रमुख चौराहों की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए भी दिए निर्देश

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे वायु गुणवत्ता सुधार अभियान की समीक्षा के दौरान नगर आयुक्त के पहुंचते ही सिटी जोन की टीम ने तेजी से सी एंड डी वेस्ट हटाना शुरू कर दिया। इस पर नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कार्य पूर्ण होने के बाद किसी स्थान पर सी एंड डी वेस्ट पाया जाता है, तो संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और जुमार्ना लगाया जाएगा।निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद सहित निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त के निर्देश मिलते ही टीम ने शहर के खाली स्थानों पर इंटरलॉकिंग लगाने का कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया।

# 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप की शुरुआत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद की मेजबानी में शुक्रवार को 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप की शुरूआत हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश की कुल 44 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मैच दोपहर 3 बजे आगरा व जौनपुर के बीच खेला गया।

इस 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों गोरखपुर, कानपुर, वाराणसी, लखनउ, आगरा, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, सोनभद्र, बलिया, मेरठ, जौनपुर, पीलीभीत, फरुर्खाबाद, अयोध्या, एटा, मैनपुरी, अमरोहा, बिजनौर, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुरादाबाद, उन्नाव, झांसी, बागपत, बुलंदशहर, सिद्वार्थनगर, सीतापुर, गौतमबुद्व नगर, बहराइच, मथुरा, आजमगढ़, मिजार्पुर व जहॉनपुर जिलों की टीमें इस प्रतियोगिता में एक दूसरे को चुनौती देंगे। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश पुलिस, बनारस हिंदु विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, बनारस लाकोमोटिव वर्क्स, उत्तर पूर्वी रेलवे, सशक्त सीमा बल, आर0डी0एस0ओ0 व ट्रिपल टैक अकादमी गाजियाबाद की टीमें भी प्रतियोगिता में होंगी।

शुक्रवार को खेले गए मैचों का परिणाम इस प्रकार है- आगरा व जौनपुर : आगरा 46-27 से जीता, झॉसी व वाराणसी : वाराणसी 48 - 21 से जीता, कासगंज व उन्नाव : कासगंज : 43 -41 से जीता, अमरोहा व गाजियाबाद : गाजियाबाद 53 - 19 से जीता, अयोध्या व गौतमबुद्व नगर : गौतमबुद्व नगर 65 - 35 से जीता, मैनपुरी व लखनऊ विश्वविद्यालय : मैनपुरी 51 - 19 से जीता, मिजार्पुर व इलाहाबाद विश्वविद्यालय : इलाहाबाद विश्वविद्यालय 42 -29 से जीता, आजमगढ़ व फरुर्खाबाद : फरुर्खाबाद 54 - 31 से जीता।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ अंबेडकर जनकल्याण समिति परिषद के सदस्यों ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद, दी श्रद्धांजलि





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमा पर नमन करते परिनिर्वाण दिवस धूमधाम से मनाया गया। डॉ. आंबेडकर जनकल्याण परिषद के लोगों द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

समिति के अध्यक्ष श्याम नारायण ने बाबा साहेब के बताएं मार्ग पर चलने का आहवन किया। वही समारोह का संचालन जगन्नाथ प्रसाद और आयोजन लालता प्रसाद ने किया। मुख्य वक्ता समाजवादी विचारक एवं शिक्षाविद राम दुलार यादव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहेब के संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान और आज भी देश में व्याप्त विषमता, भेदभाव, नफरत और असहिष्णुता के बारे में विस्तार से बताया। यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने अपने जीवन में अनगिनत यातनाएँ सहन कर करोड़ों लोगों के जीवन में प्रकाश की किरण बनकर उभरे, और उनका विचारधारा ही देश के विकास का मूल आधार है।

उन्होंने भारत की वर्तमान स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की, जिसमें आर्थिक कर्ज, महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता और प्रेस स्वतंत्रता के मुद्दे शामिल हैं। इस अवसर पर मुनीव यादव, हुकुम सिंह, सीताराम, सूर्यनाथ प्रसाद, रमेश गौतम, वी. पी. जाटव, सुभाष यादव, रामेश्वर यादव, राजेन्द्र सिंह, ब्रह्म प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

# शहीद नगर वार्ड 34 में नाली-सीसी रोड का उद्घाटन

## पार्षद खुशीर्दा कल्लन ने किया शिलान्यास





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर के वार्ड 34 के निगम पार्षद खुशीर्दा कल्लन ने ए ब्लॉक मंदिर वाली गली से जन्नत निशा स्कूल वाली गली तक नाली व सीसी रोड के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। समारोह में हाजी मोहम्मद कल्लन ने सभी निवासियों के साथ मिलकर पार्षद को माला पहनाकर स्वागत किया।

उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में अफाक अंसारी, नौशाद भाई, बबलू भाई, अय्यूब भाई, आसिफ सैफी, साबिर ठेकेदार, मो अजीम मंसूरी आदि शामिल थे। सभी ने इस विकास कार्य को क्षेत्र के लिए लाभकारी बताया और भविष्य में भी इसी तरह के प्रोजेक्ट्स की अपेक्षा जताई।

नाली व सी सी रोड का निर्माण स्थानीय जल निकासी और आवागमन की समस्या को हल करने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिससे वार्ड के निवासियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

पार्षद खुशीर्दा कल्लन ने कहा कि ए ब्लॉक मंदिर वाली गली से जन्नत निशा स्कूल वाली गली तक नाली व सी सी रोड के निर्माण कार्य का उद्घाटन करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। इस योजना से क्षेत्र के निवासियों को जल निकासी की समस्या से निजात मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। मैं सभी सहयोगियों, ठेकेदारों और स्थानीय लोगों का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके समर्थन से यह कार्य संभव हुआ। आशा करता हूँ कि इस विकास से शहीद नगर वार्ड 34 के सभी परिवारों का जीवन और बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि यह पहले इंटरलॉकिंग सड़क थी, अब सीसी सड़क बनी है, जिसकी लागत 10 लाख के करीब है।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को भारतीय संविधान के शिल्पकार और सामाजिक न्याय के अग्रदूत, 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने बाबा साहब को नमन किया और उनके द्वारा किए गए योगदानों को याद किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट और अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बृज विहार मंडल उपाध्यक्ष ने किया वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश प्रसाद सिंह का सम्मान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार मंडल के उपाध्यक्ष ने अपने कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर एसआईआर कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश प्रसाद सिंह को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल के कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और उन्होंने जगदीश प्रसाद सिंह के योगदान की सराहना की। मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा, जगदीश प्रसाद सिंह की निरंतर मेहनत और समर्पण ने हमारे एसआईआर कार्य को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाया है। उनका सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है।

समारोह में सम्मान स्वरूप शॉल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र दिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह की टीम वर्क की उम्मीद जताई। इस अवसर पर यू.सी. सक्सेना, योगेश त्यागी, उर्वशी, गीता सिंह, नीतू सिंह, उम्मेद सिंह, सुनील पवार, जे. के. सहाय, अमित छोकर, धीरज सिलस्वाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कंपनी ने नहीं किया कोई लेनदेन : फिर भी हो गया 410 करोड़ का व्यापार, वकील गिरफ्तार




**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर में फर्जी कंपनियां बनाकर टैक्स चोरी करने का बड़ा मामला सामने आया है। सीजीएसटी विभाग ने शुक्रवार को मुरादनगर से एक अधिवक्ता को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि 40 फर्जी फर्मों के जरिए बिना किसी वास्तविक लेनदेन के 410 करोड़ रुपये के बिल बनाए गए और 73 करोड़ रुपये से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) ले लिया गया।

सीजीएसटी विभाग के अनुसार, आरोपी का नाम विनय सिंह है, जिस पर सीजीएसटी एक्ट 2017 की धारा 69 के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग अब विनय के नेटवर्क और उससे जुड़ी अन्य फर्जी फर्मों की जांच भी कर रहा है।

### कैसे खुला फजीर्वाड़ा?

डेटा की जांच के दौरान कुछ कंपनियों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद सीजीएसटी कमिश्नर संजय लवानिया, एडिशनल कमिश्नर साहिल सेठ और असिस्टेंट कमिश्नर संजीव ऋषि की टीम ने जांच शुरू की। जांच में गाज़ियाबाद, दिल्ली और नोएडा में कुल 40 फर्जी कंपनियों का खुलासा हुआ। विनय इन कंपनियों के नाम पर 410 करोड़ के फर्जी बिल तैयार करता रहा और इसके आधार पर टैक्स क्रेडिट लेता रहा।

### फर्में दूसरों के नाम पर, नियंत्रण विनय के पास

पूछताछ में सामने आया कि विनय ने अपने सहयोगियों की मदद से अलग-अलग व्यक्तियों के दस्तावेज लेकर उनके नाम पर फर्में बनाईं और जीएसटी नंबर प्राप्त किए। इन फर्मों से जुड़े सभी यूजरनेम, पासवर्ड और ओटीपी उसी के पास रहते थे। शुरूआती जांच में 40 में से 20 फर्म बंद पाई गईं, जबकि बाकी सक्रिय फर्में अपने कारोबार का कोई सबूत प्रस्तुत नहीं कर सकीं।

### कुछ लोगों को पता भी नहीं था कि वे कंपनी के मालिक हैं

जांच के दौरान ऐसे व्यक्तियों के नाम भी सामने आए जिन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं थी कि उनके दस्तावेजों का उपयोग करके फर्म खोली गई है। ये लोग किसी सरकारी योजना या अन्य काम के लिए अपने कागजात दे चुके थे, जिन्हें आरोपियों ने दुरुपयोग कर लिया।

### बड़ी कंपनियों से लिंक होने की आशंका

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, विनय फर्जी कंपनियां बनाकर बिना किसी वास्तविक वस्तु या सेवा की आपूर्ति के लेनदेन दिखा रहा था। आशंका है कि यह नेटवर्क कुछ बड़ी कंपनियों को भी फर्जी बिलिंग के जरिए लाभ पहुंचा रहा हो। मामले में और खुलासे होने की संभावना है तथा आगे बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# प्रदूषण का बढ़ता प्रकोप: देश में दूसरा सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा गाजियाबाद



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हवा की गति अधिक रहने पर भी प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। शनिवार को गाजियाबाद देश का दूसरा सर्वाधिक प्रदूषित इलाका था। यहां का एक्यूआई 343 रहा, जबकि नोएडा 344 एक्यूआई के साथ पहले पायदान पर रहा। हवा की गति बढ़ने पर एक या दो दिन एक्यूआई थोड़ा घटता है, लेकिन फिर बढ़ जाता है। शनिवार को तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई और दोपहर से हवा की रफ्तार भी 10 किलोमीटर प्रतिघंटा के आसपास रही। तेज धूप भी पूरे दिन रही। बावजूद इसके प्रदूषण का स्तर लगातार दूसरे दिन भी बढ़ा और गाजियाबाद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा।

लोनी सर्वाधिक प्रदूषित इलाका था, जबकि वसुंधरा में वायु गुणवत्ता मापक यंत्र खराब होने से यहां का एक्यूआई दर्ज नहीं हो पाया। वहीं तापमान में डेढ़ डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई। अधिकतम पारा 22.7 डिग्री और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह का कहना है कि सख्ती बढ़ाई जा रही है। जल्द ही वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। पांच दिन का एक्यूआई व तापमान दिनांक एक्यूआई अधिकतम न्यूनतम 6 दिसंबर 343 22.7 11 5 दिसंबर 321 21.2 9.5 4 दिसंबर 302 22 7.9 3 दिसंबर 324 21.5 10.2 2 दिसंबर 361 23 11.1 चारों स्टेशनों का हाल इंदिरापुरम 305 लोनी 398 संजयनगर 325 वसुंधरा ज्ञात नहीं।